पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 290

ग्वालियर, मंगलवार, 14 दिसम्बर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

खास खबर

काशी विश्वनाथ कॉरिडोर बनाने के लिए तोड़ी गईं दुकानें क्या दिया गया मुआवजा: जया बच्चन

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को काशी-विश्वनाथ धाम (कॉरिडोर) का उद्घाटन कर दिया। इसको लेकर समाजवादी पार्टी की नेता और अभिनेत्री जया बच्चन ने बीजेपी पर सवाल उठाया हैं। जया बच्चन ने कहा कि काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के लिए भगवान विश्वनाथ मंदिर की गली में कई दुकानों और घरों को तोड़ा गया है। क्या उनके मालिकों को मुआवजा दिया गया है या नहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा लाल टोपी से इतने घबराएं हुए हैं कि फीते पर फीते काट रहें और शिलान्यास कर रहे हैं। इससे पहले सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने दावा किया कि समाजवादी पार्टी और उनके मुखिया लगातार दावा कर रहे हैं कि काशी विश्वनाथ कॉरिडोर पूर्व की सपा सरकार के कार्यकाल में पास हुआ था। हालांकि उनके इस दावे पर सीएम योगी ने फैक्ट चेक कराने के बाद गलत साबित होने की बात कही है। भाजपा सरकार ने फैक्ट चेक रिपोर्ट जारी की है। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को काशी विश्वनाथ धाम का लोकार्पण करने के साथ ही विरोधियों पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने बिना किसी का नाम लिए कहा कि जब मैं बनारस आया तो एक विश्वास लेकर आया था।

सड़क हादसे में गुना पीआरओ केपी दांगी की मौत

भोपाल। ब्यावरा से गुना जा रहे आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर अनियंत्रित होकर बोलेरो वाहन पलट गया। जिसमें गुना के जनसम्पर्क अधिकारी केपी दांगी की ब्यावरा अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। हादसा ब्यावरा और बीनागंज के बीच स्थित घोड़ापछाड़ के पास हुआ है। जानकारी के अनुसार, देर रात गुना के जनसम्पर्क अधिकारी केपी दांगी बैरसिया से एक शादी के कार्यक्रम में शामिल होकर गुना लौट रहे थे। इसी दौरान उनकी बोलेरो पलट गई। दुर्घटना के बाद नेशनल हाइवे की पेट्रोलिंग कर रही गाड़ी 1033 ने गम्भीर अवस्था मे पड़े केपी दांगी को सिविल अस्पताल ब्यावरा पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

अभिनेत्री करीना कपूर और अमृता अरोड़ा कोरोना पॉजिटिव

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर और उनकी करीबी दोस्त अमृता अरोड़ा कोरोना पॉजिटिव पाई गई हैं. इस खबर के आते ही बॉलीवुड में हलचल मच गई हैं. बता दें कि हाल ही में करीना और अमृता दोनों अभिनेत्रियां अपने दोस्तों के साथ कोरोना नियमों का उल्लघंन करते हुए कई पार्टी अटेंड करते हुए स्पॉट की गई थीं. इस बीच मुंबई महानगरपालिका ने करीना कपूर और अमृता अरोड़ा के संपर्क में आनेवाले लोगों की आरटीपीसीटी टेस्ट करने के आदेश दिए है. मनपा अब उन सभी लोगों को ट्रेक करने की कोशिश कर रही है जो पिछले दिनों इनके साथ पार्टी में शामिल हुए थे. या फिर किसी भी तरह से संपर्क में आए थे. बता दें कि पिछले दिनों करीना कपूर अपने गर्ल गैंग के साथ भी पार्टी करते हुए देखी गई थीं।

ओला, उबर, जोमैटो में काम करने वाले ड्राइवरों और डिलीवरी मैन को मिलेगी सामाजिक सुरक्षा

नई दिल्ली। ओला, उबर, जोमैटो जैसी कंपनियों में काम करने वाले ड्राइवरों और डिलीवरी मैन भी अब सशक्त होने वाले हैं। सुप्रीम कोर्ट इस संबंध में याचिका दायर करके मांग की गई है कि उन्हें कामगार या श्रमिक रूप में पंजीकृत करके सामाजिक सुरक्षा का लाभ दिया जाए।मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है।सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस जारी करके केंद्र सरकार से जवाब दाखिल करने को कहा है।सुप्रीम कोर्ट मामले का परीक्षण करेगा। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए चार हफ्ते का समय दिया है।दरअसल उबर,ओला,स्विगी,जोमैटो कर्मचारियों के लिए सामाजिक सुरक्षा लाभ की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है। सुप्रीम कोर्ट में मामले की सुनवाई अब अगले साल जनवरी 2022 में होगी।

खेत जुताई के वक्त ट्रैक्टर के रोटावेटर में फंसकर 11 वर्षीय बालक की मौत

बहराइच। पूर्वी उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के फखरपुर थानांतर्गत बहेलिया गांव में ट्रैक्टर से खेत जोत रहे किसान के 11 वर्षीय बच्चे की, ट्रैक्टर में लगे रोटावेटर में फंस जाने के कारण दर्दनाक मौत हो गई। ग्रामीणों और पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि रविवार को गांव के मूलचंद तिवारी अपने रिश्तेदार के ट्रैक्टर से अपना खेत जोत रहे थे। ट्रैक्टर में रोटावेयर लगा था और यह यंत्र जुताई के लिए महत्वपूर्ण होता है। तभी ट्रैक्टर चालक को प्यास लगी और मूलचंद का बेटा अमरदीप उर्फ प्रिंसेस (11) उसे पानी पिलाने के लिए रोटावेटर पर चढ़ गया।

काशी विश्वनाथ कॉरिडोर जनता को समर्पित

काशी में डमरूवाले की सरकार: मोदी

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को काशी श्विनाथ कॉरिडोर को जनता को समर्पित किया। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के इस जीते जागते धरोहर को सौंपने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, मेरे प्यारे काशीवासियों और देश-विदेश से इस अवसर के साक्षी बन रहे सभी श्रद्धालुजन। बाबा विश्वनाथ के चरणों में हम शीश नवावत हैं। माता अन्नपूर्णा के चरणन के बार-बार वंदन करत हैं। अभी मैं बाबा के साथ-साथ नगर कोतवाल काल भैरव जी के दर्शन करके आ रहा हूं। देशवासियों के लिए उनका आशीर्वाद लेकर आ रहा हूं। काशी में कुछ भी खास हो, कुछ भी नया हो तो सबसे पहले उनसे पूछना आवश्यक है। मैं काशी के कोतवाल के चरणों में भी प्रणाम करता हूं। इससे पहले मोदी ने मंदिर में मंत्रोच्चार के साथ पूजा-पाठ की और मंदिर के निर्माण में शामिल मजदूरों पर पुष्प वर्षा कर सम्मानित किया और उनके साथ सीढ़ी पर बैठ फोटो भी खिंचाई। मोदी ने यहां धर्माचार्यों और विशिष्टजनों से संवाद किया। कॉरीडोर के लोकार्पण का शुभ मुहूर्त रेवती नक्षत्र में दोपहर 1.37 बजे से 1.57 बजे तक 20 मिनट का था। मोदी ने अपने भाषण की शुरुआत बाबा विश्वनाथ को प्रणाम

करने के साथ की। मोदी ने कहा, हम बाबा विश्वनाथ दरबार से देश-दुनिया के उन श्रद्धालु जनन के प्रणाम करत हैं, जो इस अवसर के साक्षी बनत हन। काशीवासियन का प्रणाम जिनके सहयोग से ई घड़ी आयल है। आप सब लोगन के बहुत-बहुत बधाई हो।

3 हजार वर्गफीट से 5 लाख वर्गफीट का हुआ कैंपस: प्रधानमंत्री ने कहा, गंगा उत्तरवाहिनी होकर विश्वनाथ के पांव पखारने आती हैं, वे भी बहुत प्रसन्न होंगी। मां गंगा को स्पर्श करती हुई हवा बाबा को प्रणाम करते वक्त स्नेह देगी। गंगा उन्मुक्त होंगी तो बाबा के ध्यान में गंगतरंगों की कलकल का दैवीय अनुभव भी होगा। बाबा विश्वनाथ सबके हैं, मां गंगा सबकी हैं। उनका आशीर्वाद सबके लिए है। समय और परिस्थितियों के चलते बाबा और गंगा की सेवा की ये सुलभता मुश्किल हो चली थी।

काशी विश्वनाथ धाम में पीएम मोदी लोकार्पण से पहले गर्भगृह में की पूजा

वाराणसी। पीएम मोदी दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचे हैं। काशी-विश्वनाथ कॉरिडोर का लोकार्पण करेंगे। वाराणसी पहुंचते ही पीएम मोदी सबसे पहले काशी के कोतवाल कहे जाने वाले काल भैरव मंदिर में आशीर्वाद लेने पहुंचे। पीएम मोदी ने पूजा-अर्चना की। पीएम मोदी के शेड्यूल में थोड़ा परिवर्तन किया गया है। वह पहले 12 बजे काल भैरव मंदिर जाने वाले थे लेकिन बाद में पहले काल भैरव मंदिर जाने का कार्यक्रम बना। माना जाता है कि काशी के कोतवाल की इजाजत लेकर कोई भी शुभ काम करना चाहिए। इससे उस काम में कोई भी विघ्न-बाधा नहीं पहुंचती। काल भैरव मंदिर से पीएम मोदी गंगा मार्ग से होते हुए क्रूज से ललिताघाट पहुंचे। वहां गेरुआ वस्त्र में उन्होंने गंगा में डुबकी लगाई। गंगा जल लेकर वे पैदल ही विश्वनाथ धाम की ओर चले। -प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा अर्चना कर रहे हैं। ललिताघाट से गंगा जल भर कर वे पैदल विश्वनाथ धाम की ओर जा रहे हैं। इस दौरान पीएम रास्ते में पड़ रहे मंदिरों का अवलोकन करते हुए धीरे-धीरे आगे बढ़ रहे हैं। विश्वनाथधाम में मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजा अर्चना शुरू हो गई है। गंगा जल लेकर पीएम मोदी काशी विश्वनाथ धाम पहुंच गए हैं। यहां वे भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। उत्तर प्रदेश- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा अर्चना करते हुए।

पहले मजदूरों पर फूलों की बारिश फिर उन्हीं के साथ पंगत में बैठकर पीएम मोदी ने किया भोजन

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्वनाथ धाम का लोकार्पण करने के साथ ही इसे बनाने वाले मजदूरों को खास सौगात दी है। ऐसे सौगात जिसे पाने की चाहत हर किसी की हो सकती है। प्रधानमंत्री मोदी ने लोकार्पण से पहले काशी विश्वनाथ धाम बनाने वाले मजदूरों पर फूलों की वर्षा की। लोकार्पण करने के बाद पीएम मोदी ने दोपहर का भोजन मजदूरों के साथ किया। मजदूरों और आम लोगों की तरह पीएम मोदी ने भी पंगत में बैठकर भोजन किया। मजदूरों के साथ ही पीएम मोदी को भी चावल, दाल, रोटी, सब्जी, कड़ी और रायता परोसा गया। इसके साथ ही मिठाई के रूप में मेवे से बना लड्डू पीएम मोदी ने खाया। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने मजदूरों को खासतौर पर श्रेय देते हुए कहा कि मैं आज हर उस श्रमिक भाई-बहनों का भी आभार व्यक्त करना चाहता हूं जिनका पसीना इस इस भव्य परिसर के निर्माण में बहा है। कोरोना के इस विपरित काल में भी उन्होंने यहां पर काम रुकने नहीं दिया। इससे पहले बाबा विश्वनाथ का जलाभिषेक करने के बाद पीएम मोदी सीधे मजदूरों के बीच पहुंचे। उन्होंने मजदूरों पर फूल बरसाए। इसके बाद उनके साथ बैठकर ग्रुप फोटो भी खिंचवाई। इस दौरान उन्होंने अपने लिए लगाई गई कुर्सी भी हटवा दी। मजदूरों को इशारा करके अपने पास बुलवाया और उनके साथ फोटो खिंचवाई। प्रोटोकॉल तोड़कर आम लोगों के बीच पहुंचे काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का लोकार्पण करने वाराणसी पहुंचे पीएम मोदी बेहद अभिभूत नजर आए।

विश्वनाथ धाम में अहिल्याबाई की भी होगी प्रतिमा

वाराणसी। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का पीएम नरेंद्र मोदी उद्घाटन करने वाले हैं। काशी विश्वनाथ धाम पूरी तरह से नया हो चुका है और 5 लाख स्कायर फीट में यह फैला हुआ है। 900 करोड़ रुपये की लागत से बने इस प्रोजेक्ट कई कई आकर्षण हैं, लेकिन कुछ प्रतीक भी हैं, जो बड़ा संदेश देते हैं। इनमें से ही एक हैं- शंकराचार्य, भारत माता और अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमाएं। भारत माता की प्रतिमा के जरिए भाजपा के नेतृत्व वाली यूपी सरकार ने राष्ट्रवाद को उकेरना का प्रयास किया है, जबकि शंकराचार्य के माध्यम से हिंदुत्व का संदेश देने की कोशिश है।

सीएम योगी आपके होते बांदा में सैकड़ों गायों को जिंदा दफन किया गया, इस पर संज्ञान लें पीएम मोदी : प्रियंका

लखनऊ। कांग्रेस महासचिव और यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी ने योगी आदित्यनाथ सरकार पर निशाना साधा है। प्रियंका गांधी ने ट्वीट कर योगी सरकार पर निशाना साधते हुए लिखा है कि आपकी सरकार में सैकड़ों गायों को जिंदा दफन कर दिया गया। गोमाता क्रूरता का शिकार बनी हैं। अगले साल यूपी में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले प्रियंका गांधी लगातार भाजपा सरकार पर आक्रामक हैं। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सीएम योगी के साथ-साथ पीएम नरेंद्र मोदी से भी गायों की मौत को लेकर सवाल किया है। प्रियंका गांधी ने ट्वीट किया- योगी आदित्यनाथ जी, आपकी सरकार के प्रशासन ने बांदा में सैकड़ों जिंदा गायों को दफना दिया। आपकी सरकार में गो-शालाओं में गोमाता क्रूरता व अमानवीयता का शिकार हो रही है। नरेंद्र मोदी जी आज आप उप्र में हैं। क्या आप गोशालाओं की दुर्दशा पर उप्र सरकार से जवाबदेही तय करेंगे? दरअसल बांदा जिले में कुछ दिनों पहले गायों को दफनाने का मामला सामने आया था और अब गायों की हत्या और शवों को अवैध रूप से दफनाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इस घटना को लेकर नाराज ग्रामीणों ने नरैनी चौराहे को अवरुद्ध कर विरोध जताया था और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। जानकारी के मुताबिक घूमंतू गायों को न सिर्फ मध्य प्रदेश की सीमा पर जंगल में छोड़ा गया, बल्कि उन्हें भी कीचड़ और भारी पत्थरों में जिंदा दफन कर दिया गया और स्थानीय भाजपा विधायक राजकरण कबीर ने मौके पर पहुंचकर कई दबी गायों को मिट्टी और पत्थरों से बाहर निकाला। जिसमें कुछ गायों की मौत हो गई थी।

न्यूज़ ट्रैक....

संदीप सिंह बने हरियाणा ओलंपिक संघ के नये अध्यक्ष

चंड़ीगढ़ । पूर्व हॉकी खिलाड़ी रहे संदीप सिंह हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के नये अध्यक्ष बने हैं। संदीप सिंह को रविवार को हरियाणा ओलंपिक भवन में हुए मतदान में निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। वह अभी हरियाणा के खेलमंत्री भी हैं। संदीप के सामने में कोई भी उम्मीदवार मैदान में नहीं था, जिसके कारण वह निर्विरोध अध्यक्ष बने हैं। वहीं पूर्व विधायक मनीष ग्रोवर को हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन का कोषाध्यक्ष और देवेंद्र सिंह को महासचिव चुना गया है। इसके अलावा एसोसिएशन के 9 उपाध्यक्ष, 5 कार्यकारी सदस्य के साथ-साथ संयुक्त सचिव, जनरल सेक्टरी भी चुने गए हैं। संयुक्त सचिव के चुनाव में जगमिंद्र सिंह ,अनिल खत्री ,नीरज तोमर जीते हैं। वेदपाल, रानी तिवारी, सूरजपाल अम्मू, महेंद्र कुमार, राम निवास हुड्डा ,मोहम्मद शाइन, विक्रमजीत सिंह, विधायक असीम गोयल ओर अशोक मोर नए उपाध्यक्ष होंगे। अध्यक्ष चुने जाने के बाद सिंह ने कहा कि वह खेल मंत्री होने के कारण हमेशा कहते थे कि प्राइवेट एसोसिएशन या स्पोर्ट्स फेडरेशन को सरकार के साथ मिलकर चलना चाहिए। यही एसोसिएशन ओर फाउंडेशन टूर्नामेंट भी करवाती हैं जिससे खिलाड़ियों को लाभ होता है। इसलिए सबको साथ मिलकर चलना चाहिए क्योंकि आखिर में सबका लक्ष्य खिलाड़ियों के लिए काम करना होता है।

यूरोपीय लीग में 300 गोल करने वाले तीसरे फुटबॉलर बने इब्राहिमोविच

रोम । इटली के एसी मिलान क्लब की ओर से खेलने वाले स्वीडिश स्ट्राइकर ज्लाटन इब्राहिमोविच शीर्ष पांच यूरोपीय लीग में 300 गोल करने वाले तीसरे फुटबॉलर बन गये हैं। इससे पहले ये रिकार्ड अर्जेंटीना के लियोनन मैसी और पुर्तगाल के कप्तान क्रिस्टियानो रोनाल्डो के नाम था। इब्राहिमोविच ने यूडिनीस के खिलाफ मिलान के लिए गोल दागने के साथ ही 300 गोल करने वाले फुटबॉलरों के क्लब में प्रवेश किया। अब उनके कुल गोल का आंकड़ा मिलान के लिए 73 गोल, इंटर मिलान के लिए 57 गोल, युवेंटस के लिए 23 गोल, पीएसजी के लिए लीग वन में 113 , प्रीमियर लीग में मैनचेस्टर युनाइटेड के लिये 18 और ला लिगा में बार्सीलोना के लिए 16 गोल हो गए हैं।

गिरजा/ईएमएस 13 दिसंबर 2021

हैमिल्टन को हराकर वेरस्टैपेन ने पहला विश्व खिताब जीता

अबुधाबी । रैड बुल टीम के मैक्स वेरस्टैपेन ने ब्रिटिश चालक लुईस हैमिल्टन को हराकर अपना पहला फार्मूला-1 का खिताब जीता है। फाइनल-लैप ओवरटेक करने के बाद ही बेल्जियम के वेरस्टैपेन ने हैमिल्टन को पीछे छोड़ा। इस पूरे सत्र में वेरस्टैपेन से हैमिल्टन को कड़ी टक्कर मिली। इस हार के साथ ही हैमिल्टन के आठवे खिताब जीतने का सपना भी टूट गया। रविवार को फाइनल रेस में ड्राइवरों के स्टैंडिंग में वेरस्टैपेन और हैमिल्टन बराबर थे पर अंत में जीत वेरस्टैपेन को मिली। इस रेस में हैमिल्टन जीत की ओर जाते दिख रहे थे पर लैप 54 में निकोल्स लतीफी की कार हादसे का शिकार हो गयी। इस दौरान सेफ्टी कार पिट से निकली। हैमिल्टन थोड़ा संभले तो इसी का फायदा लेकर वेरस्टैपेन आगे बढ़ गये। इसे बाद अपनी बढ़त बरकरार रखते हुए उन्होंने चैम्पियनशिप जीत ली।

धीमी ओवर गति के लिए इंग्लैंड पर भारी जुर्माना, पूरी मैच फीस कटी

आचार संहिता उल्लंघन के लिए ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज हेड की 15 फीसदी मैच फीस कटी

गाबा । ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज के पहले ही क्रिकेट टेस्ट मैच में मिली हार के बाद मेहमान टीम इंग्लैंड को एक और झटका लगा है। धीमी ओवर गति के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने इंग्लैंड की मैच फीस काट ली है। उसपर 100 फीसदी जुर्माना लगाया है। इसके अलावा उसे पांच अंकों का भी नुकसान हुआ है। आईसीसी के अनुसार तय समय में पांच ओवर कम गेंदबाजी करने के कारण आईसीसी एलीट पैनल के मैच रेफरी डेविड बून ने इंग्लैंड को यह सजा दी है। आईसीसी के नियमों के अनुसार आवंटित समय में ओवर पूरा करने में विफल रहने पर प्रत्येक ओवर के लिए मैच का 20 फीसदी जुर्माना लगाया जाता है।

आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के अनुसार तय समय में ओवर पूरा करने में विफल रहने पर हर ओवर के लिए एक

अंक काटने का भी प्रावधान है। इसके अनुसार इंग्लैंड के कुल अंकों में से पांच विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप अंक भी कम कर दिये गये हैं। वहीं दूसरी ओर ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ट्रेविस हेड पर आईसीसी आचार संहिता के स्तर एक का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 15 फीसदी जुर्माना लगाया गया है। हेड ने खिलाड़ियों एवं टीम के सहयोगी सदस्यों के आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.3 का उल्लंघन किया था। यह अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अभद्र भाषा के इस्तेमाल से जुड़ा है। इसके अलावा, हेड के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया है।

यह 24 महीने की अवधि में उनका यह पहला अपराध था। यह मामला ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी के 77वें ओवर का है जब हेड ने बेन स्टोक्स की गेंद पर शॉट लगाने के बाद अभद्र का इस्तेमाल किया था। हेड ने अपराध के साथ मैच रेफरी द्वारा प्रस्तावित प्रतिबंध को स्वीकार कर लिया और इस कारण इस मामले में औपचारिक सुनवाई की जरुरत नहीं पड़ी।

जर्मनी में बुंदेलसगा लीग फुटबॉल मुकाबले में खेलते हुए खिलाड़ी।

अमेरिका की एकदिवसीय टीम के नये कप्तान बने मोनांक

न्यूयार्क । भारतीय मूल के अमेरिकी क्रिकेटर मोनांक पटेल को अमेरिका की एकदिवसीय टीम के नये कप्तान बनाये गये हैं। मोनांक को सौरभ नेत्रवलकर की जगह कप्तान बनाया गया है। सौरभ ने टी-20 के बाद अब एकदिवसीय की भी कप्तानी छो? दी है। अमेरिकी क्रिकेट ने सौरभ के पद छोड़ने के कारणों का खुलासा नहीं किया है। उन्होंने अक्टूबर में ही टी-20 कप्तानी छोड़ दी थी और तब भी कोई कारण नहीं बताया गया था। वहीं कहा जा रहा है कि विश्व कप लीग दो में लंबे समय तक निराशाजनक प्रदर्शन के बाद चयनकर्ता पिछले कुछ समय से सौरभ की जगह किसी अन्य पर विकल्प पर नजर रख रहे थे। सौरभ ने मोनांक को एकदिवसीय कप्तान बनाए जाने के बाद कहा कि मुझे ओमान में क्वालीफाइंग डिवीजन तीन के लिए कप्तान के रूप में अमेरिका का प्रतिनिधित्व करने पर गर्व है। इसके अलावा नामीबिया में ऐतिहासिक वनडे जीत, फ्लोरिडा में काफी डब्ल्यूसीएल मैच जीतना और सुपर 50 टूर्नामेंट में मजबूत टीमों के खिलाफ जीत मेरे दिल में एक विशेष स्थान रखती है। यह टीम मेरे दूसरे परिवार की तरह है। हमने जहां से शुरुआत की थी, वहां से हम काफी आगे बढ़ गये हैं। सौरभ ने कहा कि मैं मुख्य रूप से टीम में एक सीनियर तेज गेंदबाज के रूप में अपनी भूमिका पर ध्यान केंद्रित करने का प्रयास कर रहा हूं। मैं मोनांक को अपनी शुभकामनाएं देने के साथ ही पूर्ण समर्थन देना चाहता हूं।

दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए अभ्यास कर रहे रोहित

नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट टीम के सीमित ओवरों के कप्तान रोहित शर्मा आजकल दक्षिण अफ्रीका दौरे की तैयारियों में लगे हैं। भारतीय टीम को इस दौरे में तीन टेस्ट और इतने ही एकदिवसीय मैच खेलने हैं। भारतीय टीम के लिए यह दौरा इसलिए अहम है क्योंकि उसने अभी तक दक्षिण अफ्रीका में कोई एकदिवसीय सीरीज नहीं जीती है। इस दौरे को लेकर रोहित का एक वीडियो भी आया है जिसमें वह नेट्स पर बल्लेबाजी का अभ्यास करते हुए दिखे हैं। रोहित को एकदिवसीय में भी कप्तान बनाया गया है जिससे उनपर टीम को जीत दिलाने का भी दबाव रहेगा। रोहित के इस वीडियो को अभी तक 10 लाख से अधिक यूजर्स ने लाइक किया है। रोहित के इस वीडियो में दिख रहा है कि वह बल्लेबाजी का अभ्यास कर रहे हैं। उनके सामने गेंदबाज थ्रोडाउन से तेज गेंदबाजी कर रहे थे। सोशल मीडिया पर रोहित के इस वीडियो को देखकर प्रशंसकों ने कई प्रतिक्रियाएं दी हैं। एक प्रशंसक ने लिखा, हमें इस दौरे में रोहित से तिहरा शतक चाहिए। भारतीय टीम का दक्षिण अफ्रीका दौरा 26 दिसंबर से शुरू होगा। पहला टेस्ट मैच बॉक्सिंग डे से शुरू होगा। रोहित की कप्तानी में टीम इंडिया ने हाल में न्यूजीलैंड को घरेलू टी20 सीरीज में 3-0 से हराया था। इससे अब प्रशंसकों को उम्मीद है कि उनकी कप्तानी में टीम एकदिवसीय सीरीज भी जीतेगी।

भारतीय टीम बुधवार को दक्षिण अफ्रीका दौरे पर रवाना होगी

मुंबई । भारतीय क्रिकेट टीम बुधवार को चार्टर्ड विमान से दक्षिण अफ्रीका दौरे पर रवाना होगी। टीम इससे पहले अभी मुम्बई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के करीब बने एक पांच सितारा होटल में क्वारंटीन में है ताकि बायो सिक्योरिटी प्रोटोकॉल को पूरा किया जा सके। भारतीय टीम को अपने इस दौरे में तीन टेस्ट और तीन एकदिवसीय मैच खेलने हैं। अभी केवल टेस्ट टीम के सदस्य ही दक्षिण अफ्रीका जाएंगे। भारतीय टीम के कुछ सदस्य अभी दक्षिण अफ्रीका में ही हैं। ये सभी भारत ए टीम के साथ दक्षिण अफ्रीका दौरे पर गये थे। इनमें नवदीप सैनी, सौरभ कुमार, दीपक चाहर, अर्जन नागवसवाला, हनुमा विहारी और विवेक रामकृष्ण (ट्रेनर) शामिल हैं। भारत ए ने दक्षिण अफ्रीका में तीन मैचों की सीरीज खेली थी। भारत ए का दक्षिण अफ्रीका दौरा बिना किसी परेशानी के पूरा हो गया था जिससे भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) का हौंसला बढ़ा है। इससे पहले कोविड-19 के नये वैरियंट ओमीक्रोन के खतरे को देखते हुए इस दौरे को जोखिमभरा माना जा रहा था। ऐसे में भारतीय टीम के दौरे को लेकर भी आशंकाएं लग गयी थीं। वहीं क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने भी भारतीय टीम को पूरी सुरक्षा देने का आश्वासन देने हुए कहा कि उसके लिएपूर्ण रुप से सुरक्षित बायेबबल तैयार किया गया है। तीन मैचों की टेस्ऽ सीरीज का पहला टेस्ट 26 दिसम्बर से शुरु हो रहा है।

दूसरी बार बॉक्सिंग टेस्ट जीतने उतरेगी भारतीय टीम

विराट कोहली की कप्तानी में भारतीय टीम को इसी माह होने वाले दक्षिण अफ्रीका दौरे में तीन टेस्ट मैच खेलने हैं। इस दौरे में भारतीय टीम सेंचुरियन में बॉक्सिंग डे पर पहला टेस्ट मैच खेलेगी। भारतीय टीम का लक्ष्य इस मैच में जीत से शुरुआत करना रहेगा। अगर इस मैच में भारतीय टीम को जीत मिलती है तो यह दूसरी बार होगा जब भारतीय टीम बॉक्सिंग डे टेस्ट में जीत दर्ज करेगी हालांकि यह इतना आसान भी नहीं है क्योंकि भारतीय टीम ने आजतक दक्षिण अफ्रीका में कोई सीरीज नहीं जीती है। विराट ने तीन साल पहले भी बॉक्सिंग डे टेस्ट में जीत हासिल की थी। उसे समय भारतीय टीम ने अपने ऑस्ट्रेलिया दौरे में मेजबान कंगारू टीम को 137 रन से हराया था। उस समय भारतीय टीम की इस जीत में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की अहम भूमिका रही थी। उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए मैन ऑफ द मैच अवॉर्ड भी अपने नाम किया था। टीम ने यहां पहली बार ऑस्ट्रेलियाई धरती पर टेस्ट सीरीज जीती थी। तब भारतीय टीम ने 2-1 से अपने नाम की थी। दक्षिण अफ्रीका में भारतीय टीम की राह कभी भी आसान नहीं रही है। ऐसे में नये मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के लिए भी यह दौरा काफी अहम रहेगा।

व्यापार न्यूज

सोना और चांदी में तेजी

नई दिल्ली । सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को घरेलू बाजार में एमसीएक्स पर 24 कैरेट सोने का भाव बढ़ गया। एमसीएक्स पर सोने की कीमत में 0.03 फीसदी की तेजी के साथ सोने का दाम उछलकर 48,177 रुपए प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया। इसके साथ ही चांदी की चमक भी तेज हुई है। इसका दाम 0.24 फीसदी बढ़ गया। चांदी का दाम 61,300 रुपए प्रति किलोग्राम हो गया है। बता दें कि उत्पाद शुल्क, राज्य करों और मेकिंग चार्ज के कारण पूरे देश में सोने की कीमत अलग-अलग होती है। आभूषण बनाने के लिए ज्यादातर 22 कैरेट का ही इस्तेमाल होता है। कुछ लोग 18 कैरेट सोने का भी इस्तेमाल करते हैं। आभूषण पर कैरेट के हिसाब से हॉल मार्क बना होता है। 24 कैरेट सोने के आभूषण पर 999 लिखा होता है, जबकि 23 कैरेट पर 958, 22 कैरेट पर 916, 21 कैरेट पर 875 और 18 कैरेट पर 750 लिखा होता है। जानकारों की मानें तो कीमती धातुओं में तेजी बनी हुई रह सकती है।

पेट्रोल और डीजल की कीमत में बदलाव नहीं

मुंबई । पेट्रोल और डीजल की कीमत के लिहाज से सप्ताह के पहले दिन सोमवार 13 दिसंबर को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं आया। देश में अभी सबसे महंगा पेट्रोल गंगानगर में 112.11 रुपए प्रति लीटर बिक रहा है जबकि सबसे सस्ता पेट्रोल 82.96 रुपए प्रति लीटर के भाव से पोर्टब्लेयर में बिक रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 95.41 रुपए प्रति लीटर और डीजल 86.67 रुपए प्रति लीटर है। इसी तरह देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 109.98 रुपए प्रति लीटर और डीजल 94.14 रुपए प्रति लीटर है। कोलकाता में पेट्रोल 104.67 रुपए प्रति लीटर और डीजल 89.79 रुपए प्रति लीटर है। वहीं चेन्नई में पेट्रोल 101.40 रुपए प्रति लीटर और डीजल 91.43 रुपए प्रति लीटर हैं।

रुपया 15 पैसे की बढ़त पर खुला



मुंबई । अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को शुरुआती कारोबार में रुपया 15 पैसे की बढ़त के साथ मजबूत हो कर 75.63 प्रति डॉलर पर खुला। घरेलू शेयर बाजारों में उछाल से रुपए की धारणा को बल मिला। कारोबारियों ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी और विदेशी पूंजी के बेरोकटोक बहिर्वाह ने रुपये में मजबूती को सीमित कर दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 75.64 प्रति डॉलर पर मजबूत रुख के साथ खुला। बाद में यह 75.63 प्रति डॉलर पर कारोबार कर रहा था। पिछले कारोबारी सत्र के बंद स्तर की तुलना में यह 15 पैसे की बढ़त है। शुक्रवार को अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 18 पैसे की गिरावट के साथ करीब 16 माह के निम्न स्तर 75.78 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

मजबूती के साथ खुले बाजार

सेंसेक्स 59,100 और निफ्टी 17600 के पार

मुंबई । वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख के बीच आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी और एक्सिस बैंक के शेयर में बढ़ोतरी की वजह से सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 350 अंक से अधिक चढ़ गया। शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला सूचकांक 375.30 अंक की तेजी के साथ 59,161.97 पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह निफ्टी 94.75 अंक बढ़कर 17,606.05 पर पहुंच गया। सेंसेक्स में करीब 3 प्रतिशत शेयर बढ़ने के साथ पावरग्रिड शीर्ष पर रहा, इसके बाद एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, टाटा स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट, सन फार्मा और टाइटन का स्थान रहा। दूसरी ओर बजाज फाइनेंस और नेस्ले इंडिया को

शेयरों में नुकसान उठाना पड़ा। पिछले सत्र में तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 20.46 अंक की गिरावट के साथ 58,786.67 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 5.55 अंक फिसलकर 17,511.30 अंक पर बंद हुआ था।

एशियाई बाजारों में बढ़त पर कारोबार

मुंबई । एशियाई बाजारों में बढ़त पर कारोबार देखने को मिल रहा है। एसजीएक्स ?निफ्टी 118.50 अंक की बढ़त दिखा रहा है। वहीं निक्केई करीब 0.91 फीसदी की बढ़त के साथ 28,696.68 के आसपास दिख रहा है। स्ट्रेट टाइम्स में 0.36 फीसदी की बढ़त दिखा रहा है। ताइवान का बाजार 0.19 फीसदी चढ़कर 17,859.77 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। जबकि हैंगसेंग 1.13 फीसदी की बढ़त के साथ 24,266.26 के स्तर पर नजर आ रहा है। कोस्पी में 0.62 फीसदी की बढ़त दिख रही है। शंघाई कम्पोजिट 0.76 फीसदी की बढ़त के साथ 3,694.04 के स्तर पर है।

तेगा के शेयर 66.23 फीसदी प्रीमियम के साथ 753 रुपए पर लिस्ट

मुंबई । आईपीओ की शानदार लिस्टिंग लिस्ट में सोमवार को तेगा इंडस्ट्रीज आईपीओ का भी नाम जुड़ गया। 13 दिसंबर को पॉलिमर बेस्ड मिल लाइनर्स बनाने वाली दूसरी सबसे बड़ी कंपनी तेगा इंडस्ट्रीज के शेयरों की लिस्टिंग दमदार रही। बीएसई पर कंपनी के शेयर इश्यू प्राइस से 66.23 फीसदी प्रीमियम के साथ 753 रुपए पर लिस्ट हुए हैं। वहीं एनएसई पर कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग इश्यू प्राइस से 67.77 फीसदी प्रीमियम के साथ 760 रुपए पर हुई है। तेगा के शेयरों का इश्यू प्राइस 453 रुपए था। कंपनी का इश्यू 1 दिसंबर को खुला और 3 दिसंबर को बंद हुआ था। इसके आईपीओ में निवेशकों ने काफी दिलचस्पी जताई थी और इसका इश्यू 219 गुना सब्सक्राइब हुआ था। 2021 में जितने आईपीओ आए हैं उनमें सबसे ज्यादा सब्सक्रिप्शन के आधार पर यह तीसरे नंबर पर है।



सरकार निजी क्षेत्र को बेचेगी अशोका होटल, पूरी योजना तैयार!

नई दिल्ली । केंद्र सरकार ने ऐतिहासिक अशोक होटल को बेचने की पूरी योजना बना ली है। सरकार अपने महत्वाकांक्षी एसैट मोनोटाइजेशन प्रोग्राम के तहत इस होटल को 60 साल के कॉन्ट्रैक्ट पर निजी सेक्टर को देने की योजना पर काम कर रही है। इसके साथ ही सरकार एक और होटल या सर्विस्ड अपार्टमेंट और दूसरे विकास कार्यों के लिए 21.5 एकड़ के कॉम्प्लेक्स में लैंड पार्सल भी देगी। जानकारी के मुताबिक जल्द ही इसे कैबिनेट से मंजूरी मिल सकती है। 90 साल के लंबे लाइसेंस टर्म पर 2 लैंड पार्सल का भी ऑफर सरकार ने दिया है। हालांकि सरकार इस प्रक्रिया को जल्द पूरा करने की कोशिश कर रही है लेकिन चालू वित्त वर्ष में लेनदेन फाइनल होने की संभावना कम है। लैंड पार्सल में 6.3 एकड़ का एक भूखंड (प्लाट) शामिल है, जिसे अतिरिक्त भूमि के रूप में वर्गीकृत किया गया है। इसका उपयोग सर्विस्ड अपार्टमेंट या होटल के विकास के लिए किया जा सकता है। इसका निर्माण ब्रिटिश उच्चायोग के सामने की तरफ प्रस्तावित है। एक और 1.8-एकड़ का प्लाट कॉमर्शियल डिवैलपमेंट के लिए होगा। अशोका होटल की नीलामी की बोली जीतने वाला होटल में कई बदलाव कर सकता है।

कार्यालय नगर परिषद मेंहगांव जिला भिण्ड (म0प्र0)

क्रमांक / ई-टेण्डर / निर्माण / 2021 / 679 — मेंहगांव दिनांक 11/12/2021

प्रथम ई-निविदा आमंत्रण सूचना

एतद द्वारा केन्द्रीकृत प्रणाली के अन्तर्गत में पंजीकरण व्यवस्था के तहत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत समस्त ठेकेदारों से नगर मेंहगांव में पचैरा रोड पर स्थित ट्रेंचिंग गाउण्ड में एफ.एस.टी.पी. एवं मटेरियल रिकवरी फेसेलिटी सेन्टर निर्माण कार्य की ई निविदा कमांक 2021_UAD_173145_1 एवं 2021_UAD_173145_2 आमंत्रित की गयी है। इच्छुक ठेकेदार म.प्र. नगरीय प्रशासन एवं विकास के वर्तमान ISSR से प्रभावशील दिनांक 02 अगस्त 2021 से आज दिनांक तक संशोधित सहित दरों के आधार पर निविदा प्रपत्र अपेण्डिक्स 2.10 पर प्रतिशत दरों के आधार पर निविदा सूचना विभाग की वेबसाईट www.mptender.gov.in के माध्यम से अपनी दरें ऑनलाईन प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त निविदा में कोई भी संशोधन केवल ऑनलाईन ही प्रकाशित किया जावेगा। जिसका पृथक से कोई प्रकाशन नही किया जावेगा। सूचित हों।

प्रशासक
नगर परिषद मेंहगांव

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद मेंहगांव, जिला भिण्ड

संतोष जैन हत्याकांड में मृतक की पत्नी बोली...आरोपी के परिजन भी दोषी

थाना प्रभारी ने की एक पक्षीय कार्यवाही, आक्रोशित होकर मृतक के परिजनों ने लगाया चक्काजाम

भिण्ड। गत 30 नवम्बर को हुई संतोष जैन की हत्या के मामले में सोमवार को खींचतान हो गई। सोमवार की सुबह मृतक की पत्नी रीना जैन व अन्य जैन समाज के लोग पुलिस थाने पहुंचे। उन्होंने आरोपी रिंकू शिवहरे का पिता सीताराम व उसके अन्य परिजनों आरोप लगाया और पुलिस को बताया कि मेरे बेटे रिषभ की बांह पकड़कर जान से मारने की धमकी दे रहे है। आरोपी के पिता व अन्य परिजन कट्टा लेकर आए थे। यह बात पुलिस ने अनसुना कर दिया। जिससे आक्रोशित होकर मृतक की पत्नी सहित परिजनों ने सुबह 11 बजे मेहगांव हाईवे पर चक्काजाम कर दिया। फरियादिया मृतक की पत्नी ने आरोपी के परिजनों पर आरोप लगाते हुए कहा कि मेरे पति सन्तोष जैन को रिंकू उर्फ हरिमोहन शिवहरे तथा उसके परिवार के सदस्यों द्वारा हत्या की गई है। पीड़िता ने आरोपी के परिजनों पर हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की है साथ ही थाना प्रभारी की एक पक्षीय कार्यवाही का आरोप लगाते हुए बर्खास्त कर जांच करने की मांग की है। मामले की जानकारी गोहद एसडीओपी नरेन्द्र सोलंकी पर पहुंची तो उन्होंने जैन समाज के नेता रविसेन जैन के साथ मौके पर पहुंचकर पीड़िता से बातचीत की और कहा कि आरोपी पक्ष के परिजनों पर मारपीट की धारा 323, 294,506, 34 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। इसके साथ ही एसडीओपी ने घटना में मौजूद शस्त्र को निलंबित करने का भी आश्वासन दिया। काफी समझाईश के बाद परिजनों व जैन समाज के लोगों ने चक्काजाम खोला।

दोनों पक्षों में पूर्व से चली आ रही थी रंजिश

यह कि माह जुलाई 2021 में मेरे पति सन्तोष जैन से अपने गांधी रोड मेहगाव स्थित मकान को हरी शिवहरे पुत्र मुन्ना शिवहरे को खाद की दुकान हेतु किराये पर दिया गया था। उका पात पर से हरिमोहन शिवहरे उर्फ रिकू बौखला गया और पूरा परिवार मेर घर के दरवाजे पर आकर ऊषा शंकर व श्यामू ने मेरे पति को मुझे मेरी सास हीराबाई का इस बात की टीस थी कि तुमने हमारे दुश्मन को दुकान किराये पर दी है इसे खाली करवा दो नहीं तो तुम्हें काट कर बोरा में भरकर फेंक देंगे फिर हरिमोहन के नाई रामू शिक्टर ने मेरे पति को फोन पर धमकी दी कि इसका परिणाम बहुत गम्भीर होगा। उक्त घटना के समय मोहल्ले के रबिन्द्र सिंह परमार व मेरा भाई राजकुमार जैन मौजूद थे मोहल्ले वालों ने उक्त घटना देखी है। और मोहल्ले वालों ने समझाबुझा कर मामला शांत करवा दिया था। आरोपीगण इसी रंजिश को लेकर रिंकू उर्फ हरिमोहन जो कि पहले से ही आपराधी किस्म का व्यक्ति होकर पूर परिवार ने साजिस कर मेरे पति की हत्या की गयी है और उक्त अपराध में पुलिस ने आरोपी हरिमोहन का विस्तार किया गया है परन्तु अपने पूरे परिवार के बचाने के लिये आरोपी स्वयं हत्या करना स्वीकार कर रहा है जब कि उक्त हत्या में परिवार के सीताराम शिवहरे पुत्र माताप्रसाद शिवहरे, रिंकू शिवहरे की माँ ऊषा पत्नी सीताराम भाई श्याम शिवहरे व शंकर शिवहरे पुत्रगण सीताराम शामिल है।

मृतक के परिजनों ने थाना प्रभारी पर लगाए गंभीर आरोप

मृतक के परिजनों ने मेहगांव थाना प्रभारी पर आरोपी पक्ष की मदद करने का आरोप लगाते हुए सबूत छिपाने के आरोप लगाए है। पीड़िता का कहना है कि आरोपी को पकड़े जाने के बाद पुलिस ने साक्ष्य को विवेचना में छोड़ दिए। आरोपी के खिलाफ सबूत नहीं जुटाए। पीड़िता का कहना है कि इस मामले में पुलिस आरोपी पक्ष से मिली हुई

बैठक में अनुपस्थित रहने वाले सेक्टर अधिकारियों को नोटिस

भिण्ड । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ सतीष कुमार एस ने त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2021 के सुचारू संचालन हेतु बनाए गए सेक्टर अधिकारियों को बैठक में बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी किये है। नोटिस का जवाब 24 घण्टे के अन्दर सहप्रमाण प्रस्तुत करने के निर्देष दिए गए है। समयावधि में जवाब प्रस्तुत न करने एवं संतोषप्रद अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी। उक्त सेक्टर अधिकारी जिला पंचायत भिण्ड के सभागार में सेक्टर ऑफीसर की बैठक 8 दिसम्बर 2021 को बिना सूचना के अनुपस्थित रहे। उनका उक्त कृत्य निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही, उदासीनता व व्यवधान डालने का घोतक तथा पदीय कर्तव्यों के निर्वहन नहीं किया जाकर वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश की अव्हेलना कर पंचायत निर्वाचन अधिनियम 1995 की धारा 17 (1,2,3) का उल्लंघन किये जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किये गये है। जिन सेक्टर अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है उनमें षिक्षा विभाग के उपयंत्री नारायण सिंह नरवरिया, उपयंत्री ओमप्रकाष शर्मा, पुस्तकालय अध्यक्ष अराफात खांन, उर्जा विभाग के सहायक प्रबंधक हेमंत थापक, प्रबंधक शिवसिंह चौबे, जूनियर इंजीनियर बेदप्रकाश, जूनियर इंजीनियर राकेश चंद्र दत्ता, उप प्रबंधक यशपाल सचदेवा, सहायक प्रबंधक यश गुप्ता, सहायक प्रबंधक ब्रजेश सरकार, जूनियर इंजीनियर प्यूष अतुलकर, सहायक प्रबंधक नीलेश साहू, प्रबंधक दीपक पचौरी, सहायक प्रबंधक दीवाशू झा, सहायक प्रबंधक चुन्नीलाल साकोन, जूनियर इंजीनियर गौरव शाक्य, सहायक प्रबंधक एसके बादल, प्रबंधक आदित्य सिंह, प्रबंधक अवध शर्मा एवं उप प्रबंधक अंकुर गुप्ता, जल संसाधन के उपयंत्री महेन्द्र कुमार आरैया, सहायक यंत्री एके त्रिपाठी, उपयंत्री ऋषभ सिंह तोमर, नगरीय निकाय के उपयंत्री जसवंत लकडा, उपयंत्री मनीष कुमार शर्मा, पषु चिकित्सा विभाग के पशु चिकित्सक सहायक केके शर्मा, लोक निर्माण विभाग के उपयंत्री मानसिंह नरवरिया, उपयंत्री आरएन शर्मा, उर्जा विभाग के सहायक प्रबंधक संजीव कुमार मरावी एवं लोक निर्माण विभाग के सहायक यंत्री एके त्रिपाठी को कारण बताओ नोटिस जारी किये गये है।

जरूरतमंद महिला को कांग्रेस नेता तिवारी ने भाई सहित किया रक्त दान



भिण्ड। भिण्ड जिला अस्पताल में भवनपुरा निवासी एक जरूरत मंद महिला श्रीमती गीता भादौरिया जो अस्वस्थ होकर भर्ती थी। महज 4 पॉइंट ब्लड था। उन्हें सोहन तिवारी और एक अन्य महिला श्रीमती तोमर पत्नी राजीव तोमर को प्रसव के दौरान आवश्यकता होने पर हॉस्पिटल में पहुँचकर नगर महामंत्री सोहन तिवारी के छोटे भाई किशन तिवारी ने रक्त दान किया। दोनो भाइयों की इस नेक कार्य के लिए उनके मित्रो ने शुभकामनाएं देते हुए प्रशंसा की है।

किसानों के खेतों तक नहीं पहुंचा पानी, ईई ने किया निरीक्षण

भिण्ड। किसानों की पानी की समस्या को लेकर सिंचाई रेस्ट हाउस पर विभाग के ऐसी वर्मा एवं ईई सीमा त्रिपाठी अन्य ग्रामों से कनीपुरा, चक्कनीपुरा, कटनपुरा, छीमक एवं स्टेशन वाला पुरा से 200 से अधिक किसान एकत्रित हुए साथ में भाजपा नेता अशोक सिंह गुर्जर ने सभी किसानों की ओर से गेहूं की फसल डेढ़ माह से अधिक समय हो गया लेकिन अभी तक किसानों के खेतों तक पानी नहीं मिल पा रहा है कारण 3 आर की बनार की नहर में 3 फीट ऊंचा घास खड़ा हुआ है और अधिकारियों ने समय रहते हुए गर्मियों में इसकी सफाई नहीं कराई गई इसके कारण सभी किसानों के गेहूं प्रथम पानी के लिए तैयार हैं जेसीबी मशीन की मांग भाजपा नेता में किसानों के द्वारा की गई है जिसका आश्वासन 2 दिन का दिया गया है अगर 2 दिन में सफाई शुरू नहीं हुई तो हम

सिक्योरिटी एजेंसी, बैंक, पेट्रोल पम्प, टोल प्लाजा आदि पर तैनात सेवारत सुरक्षाकर्मियों को शस्त्र संबंधित थानो में जमा करने पर छूट

भिण्ड । जिला दण्डाधिकारी डॉ सतीष कुमार एस ने त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2021-22 के चुनाव की घोषणा के उपरान्त कानून व्यवस्था एवं निर्वाचन शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से कराये जाने की दृष्टि से जिला भिण्ड अंतर्गत समस्त शस्त्र लायसेंस 04.12 2021 से निलंबित कर समस्त शस्त्र संबंधित थानों में जमा कराये जाने के आदेश प्रसारित किये गये है। उक्त आदेश के फलस्वरूप विभिन्न सिक्योरिटी एजेंसी, बैंक, पेट्रोल पम्प, टोल प्लाजा आदि पर तैनात सेवारत सुरक्षाकर्मी के आवेदन पत्र शस्त्र जमा के छूट हेतु प्राप्त हो रहे है। अतः उपरोक्त प्राप्त आवेदन पत्रों को दृष्टिगत रखते हुये जिला भिण्ड अंतर्गत निम्नानुसार शस्त्र लायसेंसियों के शस्त्र जमा में छूट प्रदाय की जाती है- विभिन्न सिक्योरिटी, एजेंसी के माध्यम से नियुक्त सुरक्षाकर्मी, विभिन्न बैंक, एटीएम, एटीएम. बैंक/कैश बैंक संस्था/सेवा पर नियुक्त सुरक्षाकर्मी, पेट्रोल पम्पध्टोल प्लाजा पर नियुक्त सुरक्षाकर्मी, न्यायालीन/ कलेक्ट्रेट/ पुलिस विभाग में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी उक्त अनुमति प्राप्त आर्म्स सुरक्षाकर्मी को तदाशय की सूचना संबंधित थानों में अनिवार्य रूप से किया जाना आवश्यक होगी तथा उक्त सुरक्षाकर्मी अपने सेवा संस्थानों पर शस्त्र रखेगे। कार्यालयीन समय समाप्ति के पश्चात अपने शस्त्र सेवा संस्थान में ही सुरक्षार्थ जमा करेगे।

अवैध शराब की बिक्री करते हुए युवक गिरफ्तार

भिण्ड। असवार थाना क्षेत्र के जैतपुरा स्कूल के सामने आम रोड पर एक युवक अवैध शराब की बिक्री कर रहा था, मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर आरोपी को हिरासत में लिया और उसके पास से शराब की जब्ती की। पुलिस के अनुसार सोमवार दोपहर 4.45 बजे शिवकुमार पुत्र नन्गही शाक्य निवासी जैतपुरा जो गांव में अवैध शराब की बिक्री करते हुए पुलिस ने दबोच लिया और उसके पास से 20 क्वार्टर शराब जब्त की। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

बुलेरो की टक्कर से 4 वर्षीय बालक घायल

भिण्ड। सुरपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम प्रतापपुरा के पास एक बुलेरो पिकअप के चालक ने तेज व लापरवाही से चलाते हुए एक 4 वर्षीय बालक को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार रामसिया पुत्र रघुवीर सिंह कुशवाह निवासी सुरपुरा ने बताया रविवार दोपहर 1.30 बजे उसका नाती आर्यन उम्र 4 वर्ष को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

गैस पर खाना बनाते समय महिला झुलसी, इलाज के दौरान मौत

भिण्ड। एंडोरी थाना क्षेत्रान्तर्गत एक महिला खाना बनाते समय झुलस गईथी, जिसे उपचार के लिए ससुराल पक्ष गोले के मंदिर पर स्थित ग्वालियर के रिक्स अस्पताल में भर्ती कराया था, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग डायरी पर से मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार रीना पत्नी रनसिंह उम्र 32 वर्ष निवासी ऐटपुरा थाना एंडोरी जो विगत 29 अक्टूबर दोपहर 3 बजे रसोई में गैस पर खाना बना रही थी, इसी दौरान आग की चपेट में आकर घायल हो गई। परिजनों ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

पुरानी रंजिश युवक के साथ मारपीट

भिण्ड। कोतवाली थाना क्षेत्र के धनवंतरी कॉम्पलेक्स के बाहर पुरानी रंजिश के चलते एक युवक ने मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार रविवार शाम 5.35 बजे अभिषेक पुत्र ओमप्रकाश मिश्रा उम्र 25 वर्ष निवासी धर्मपुरी ने बताया पुरानी रंजिश के चलते गोलू जैन हाउसिंग कॉलोनी, अतिराम जैन सदर बाजार व कुछ अज्ञात लोगों उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपीगणों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

अब शस्त्र 18 दिसम्बर तक होंगे जमा

भिण्ड । जिला दण्डाधिकारी डॉ सतीष कुमार एस ने त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2021-22 की घोषणा के उपरांत कानून व्यवस्था एवं निर्वाचन शांतिपूर्ण कराये जाने की दृष्टि से जिला भिण्ड अन्तर्गत समस्त शस्त्र लायसेंस निलंबित कर संबंधित थानो में 12 दिसम्बर 2021 तक जमा करने के आदेष जारी किये थे।

मीराबाई की लीला देखकर हुई श्रीकृष्ण की जयजयकार

भिण्ड। जमने वाले हनुमानजी सैंथिया बाग पर चल रही आठ दिवसीय रासलीला महोत्सव के आज चौथे दिन स्वामी करतार ब्रजवासी रामलीला मंडल बृन्दावन धाम द्वारा वृंदावन की रासलीला में मीरा बाई लीला का मंचन किया गया। लीला मंचन के तहत मीरा भगवान श्रीकृष्ण की अनन्य भक्त हैं और भगवान से बहुत ही प्रेम करती हैं। संत मीरा के घर जाते हैं। तभी मीरा श्रीकृष्ण की भक्ति में मीरा जहर पी लेती हैं। इसके बाद भी मीरा को कुछ नहीं होता और मीरा व श्रीकृष्ण का प्यार हमेशा के लिए अमर हो जाता है। मीराबाई की लीला देखकर दर्शक भावविभोर हो उठे। भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे गूंजने लगे। रासलीला के समापन पर प्रसाद वितरण किया गया।कार्यक्रम के सहयोजक सत्यनारायण सैंथिया सत्ते सहित सैकड़ो उनका आदर सतकार करती हैं। प्रभु भक्तगण उपस्थित रहे।

अंत्योदय परिवार के अन्तर्गत 28 स्वीकृत श्रेणियों में पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने हेतु कार्यक्रम निर्धारित

भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीष कुमार एस ने अंत्योदय परिवार के अन्तर्गत 28 स्वीकृत श्रेणियों में पात्र हितग्रायिों को लाभान्वित करने हेतु कार्यक्रम निर्धारित किया है। प्रस्तावित कार्यक्रम अनुसार निकायवार स्थलो का चिन्हांकन 15 दिसम्बर 2021 तक, दलो का गठन एवं उनका प्रशिक्षण 24 दिसम्बर 2021 तक, दलो द्वारा सर्वे की कार्यवाही 7 जनवरी 2022 तक, सर्वे अनुसार रिपोर्ट प्रस्तुत करना 14 जनवरी 2022 तक, चिन्हांकित हितग्राहियों को पात्रता पर्ची जारी करना 28 जनवरी 2022 तक एवं अंतिम रिपोर्ट 31 जनवरी 2022 तक का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। प्रमुख सचिव, म0प्र0 शासन, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग भोपाल के निर्देशानुसार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत 27 प्राथमिकता श्रेणियों एवं एक श्रेणी अन्त्योदय परिवार की इस प्रकार कुल 28 स्वीकृत श्रेणियों में पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के प्रावधान दिए गए है। यद्यपि भिक्षावृत्ति प्रतिबंधित है तथापि यदा-कदा शहरों में झुग्गी झोपडी बस्तियों में विभिन्न धार्मिक स्थलों के पास में धर्मशालाओं इत्यादि के आस-पास मांग कर जीवन यापन करने वाले गरीब लोग देखे जाते है। यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि इन लोगों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत खाद्यान्न पात्रता पर्ची जारी की गई है ताकि उनको निकटतम उचित मूल्य दुकान से खाद्यान्न प्राप्त हो सके। इस संबंध में ऐसी बस्तियों तथा स्थानों को चिन्हांकित कर इनका एक सर्वे किया जाना है तथा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत पात्र परिवार/ व्यक्तियों की जानकारी प्राप्त की जावे। इनमें से जिन लोगों की पात्रता पर्ची नही बनी है एक अभियान चलाकर बनाई जाएं। उक्त सर्वे के लिए सर्वप्रथम स्थलो का चिन्हांकन कर दलो का गठन कर उनको क्षेत्र बांट दिए जायें एवं दिये गए कार्यक्रम अनुसार सर्वे कर निर्धारित प्रारूप में रिपोर्ट प्रस्तुत की जाये। वर्तमान में पात्रता पर्ची बनाने के लिए हितग्राही का अधार नम्बर तथा 28 श्रेणियों के अंतर्गत पात्रता श्रेणी का प्रमाणीकरण आवश्यक है। उक्त सर्वे में कुछ ऐसे व्यक्ति भी हो सकते है जिनके पास कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं हो।

चीन को झटका

बीजिंग में अगले साल शीतकालीन ओलंपिक होना है, लेकिन अमेरिका ने इसके राजनयिक बहिष्कार की घोषणा की। इसके तुरंत बाद ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, कनाडा और न्यूजीलैंड ने भी इसका बहिष्कार कर दिया। इन बहिष्कारों से बौखलाए चीन ने पश्चिमी देशों को चेतावनी दी कि वे इस बहिष्कार की कीमत चुकाएंगे। चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि अमेरिका का यह फैसला केवल एक साजिश है जो नाकाम होकर रहेगा। हालांकि चीन से सीमा विवाद को लेकर तनाव के बावजूद भारत ने इस तरह की कोई घोषणा नहीं की है। चीन अगले साल फरवरी से मार्च तक बीजिंग में शीतकालीन ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों का आयोजन कर रहा है। चीनी अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने किसी भी अमेरिकी अधिकारी को उद्घाटन में शामिल होने के लिए आमंत्रित नहीं किया था। आमतौर पर राजयनिक बहिष्कार वह होता है जिसमें सरकार की तरफ से आधिकारिक तौर पर कोई राजनयिक बड़ी अंतरराष्ट्रीय सभाओं और प्रमुख शिखर सम्मेलनों में या इस तरह के बड़े आयोजनों में शामिल नहीं होते हैं। शीतकालीन ओलंपिक के राजनयिक बहिष्कार का अर्थ है कि बीजिंग में शीतकालीन ओलंपिक में अमेरिका, ब्रिटेन, न्यूजीलैंड और कनाडा के कोई अधिकारी मौजूद नहीं रहेंगे। यह खेलों का पूरी तरह बहिष्कार नहीं है, क्योंकि अधिकारियों के नहीं रहने के बावजूद खिलाडियों का खेल प्रभावित नहीं होगा, जितना कि एक एथलीट के बहिष्कार करने से होता। हालांकि, बहिष्कार करने वाले किसी भी देश ने यह नहीं कहा है कि उनके एथलीट इन खेलों में शामिल नहीं होंगे, जिसका मतलब है कि खेलों के प्रभावित होने की संभावना नहीं है। फिर भी यूरोपीय देशों का बहिष्कार चीन के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। इससे पहले छह ओलंपिक खेलों ने बहिष्कार और कम देशों की भागीदारी झेली है। 1956 (मेलबर्न), 1964 (टोक्यो), 1976 (मॉन्ट्रियल), 1980 (मॉस्को), 1984 (लॉस एंजिल्स) और 1988 (सियोल) में युद्ध, आक्रमण और रंगभेद जैसे कारणों से विभिन्न देशों ने ओलंपिक खेलों का बहिष्कार किया। चीन के साथ भारत का पिछले एक साल से ज्यादा वक्त से सरहद पर तनाव है और दोनों देशों के सैनिक आमने-सामने हैं। दोनों देशों के सैनिकों में हिंसक झड़प भी हो चुकी है और सैनिकों की मौत भी। ऐसे में माना यह जा रहा था कि भारत भी अमेरिका और अन्य यूरोपीय देशों की तरह ही चीन को लेकर कुछ इसी तरह का कदम उठाकर मानवाधिकार के खिलाफ चीन को सख्त संदेश देगा। लेकिन इस सब से इतर भारत-चीन तनावपूर्ण संबंधों के बीच 2022 में बीजिंग में होने वाले शीतकालीन ओलंपिक और पैरा ओलंपिक में भारत ने समर्थन किया है। भारत की तरफ से विंटर ओलंपिक में चीन की मेजबानी का समर्थन किया है। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लवरोफ और चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ वर्चुअल बैठक में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ओलंपिक और पैरालंपिक्स खेलों के आयोजन में चीन का समर्थन किया है। इसको लेकर चीन काफी गदगद है। लेकिन यूरोपीय देशों ने उसकी जिस तरह से छीछालेदर की है, उसे वह पचा नहीं पा रहा है।

कृषि क्षेत्र में भी लैंगिक असमानता, कैसे आगे बढ़ें आधी आबादी?...

सोनम लववंशी

भारतीय मीडिया या यूं कहें टीवी पत्रकारिता के दौर में जनसरोकार के विषय नदारद ही दिखते हैं। लेकिन बीते दिनों एक ऐसा मामला निकलकर सुर्खियों में आया। जो अपना एक व्यापक सरोकार रखता है। जी हां कहने को तो भारतीय संविधान में समानता और स्वतंत्रता की लंबी- चौड़ी बातें लिखी हुई हैं। फिर भी आज़ादी के एक लंबे काल खंड के बाद ये सभी बातें कई स्तरों पर सिर्फ़ किताबी ही मालूम पड़ती है। संविधान का अनुच्छेद- 15 लिंग, जाति, धर्म आदि आधारों पर भेदभाव के उन्मूलन की बात करता है, लेकिन जब वास्तविकता के तराज़ू पर इन बातों को तौलते हैं फिर सभी बातें भौथरी ही मालूम पड़ती है। गौरतलब हो कि भारतीय समाज में कई स्तर पर महिलाएं समानता के अधिकार से वंचित हैं और इसे स्वीकार करने में नीति-निर्माताओं से लेकर पितृसत्तात्मक समाज को संकोच नहीं करना चाहिए। वहीं ये बात भी सर्वविदित है कि गुजरात कई मायनों में देश के अन्य राज्यों से भिन्न है और इसे टीवी की पत्रकारिता ने जमकर प्रचारित और प्रसारित भी किया है। लेकिन जिक्र उसी गुजरात का करें तो वहां की दो महिलाओं की खबरें बीते दिनों सुर्खियां बनी जो अपने अधिकारों के लिए न्यायिक लड़ाई लड़ रही हैं। बता दें कि यह कहानी है अहमदाबाद शहर से लगभग 52 किलोमीटर दूर की। जहां एक गांव में दो महिलाएं रहती हैं। वैसे ये महिलाएं पारंपरिक रूप से अनपढ़ हैं, लेकिन धोखे से खोई हुई जमीन का मालिकाना हक वापस पाने के लिए जी-तोड़ मेहनत कर रही हैं। अब आप कहें कि दो महिलाओं के अधिकार से वंचित होने से क्या होता? तो जानकारी के लिए बता दें कि ये सिर्फ़ उदाहरण मात्र हैं, बल्कि देश के विभिन्न हिस्सों में महिलाओं की लगभग एक सी स्थिति है।

ग्रामीण परिवेश में रहने वाले व्यक्ति भलीभांति परिचित होंगे कि कैसे भोर होते ही महिलाएं भी पुरुषों की भांति खेतों में काम करने के लिए निकल पड़ती हैं। लेकिन क्या उन्हें भूमि स्वामी या कृषक का दर्जा आजतक मिल पाया है? नहीं न! फ़िर यह दुर्भाग्यपूर्ण नहीं तो क्या है। ऐसी स्थिति में सिर्फ़ इतना ही कहते बनता है कि आख़िर इन मामलों में कहां गया संविधान और कहाँ गई उसमें लिखी बातें? आज के समय में असमानता की खाई यत्र- तत्र सर्वत्र विद्यमान है। जी हां वर्तमान दौर में ऐसा कोई क्षेत्र नहीं नजर आता जहां असमानता की बेल न फैली हो। कहने को तो हम वैसे कृषि प्रधान देश की श्रेणी में आते हैं। लेकिन जब बात हमारे देश की आधी आबादी के प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाओं की आती है। फ़िर उन्हें कृषि के क्षेत्र में भी कोई खास पहचान नहीं मिल पाती है। आज भी हमारे देश में कृषि के क्षेत्र में पुरुषों का ही वर्चस्व है। ये सच है कि कृषि के कार्यक्षेत्र में महिलाओं का श्रमदान बढ़ा है। लेकिन कृषि के क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका नगण्य ही मानी जाती है और उनके पास मालिकाना हो। ये बात तो जैसे पितृसत्ता से जुड़े लोग पचा ही नहीं सकते। बात आर्थिक सर्वेक्षण 2017-2018 की करें। फिर इसके आंकड़े काफ़ी चौंकाने वाले हैं। इसके मुताबिक कृषि क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है तो वही बात जब मालिकाना हक की आती है। फ़िर स्थिति चिंताजनक हो जाती है। वैसे कितनी अजीब विडंबना है कि एक तरफ हमारे देश में महिलाओं को मां लक्ष्मी के रूप में पूजे जाने की प्रथा है। लेकिन जब बात घर की लक्ष्मी का दर्जा देने की आती है तो पितृसत्तात्मक सोच हावी हो जाती है। वर्तमान दौर में भले महिलाओं के साथ समानता का ढिंढोरा पीटा जा रहा है लेकिन जब बात अधिकारों की अपने हक की आती है तो सब मौन धारण कर लेते है। चौकाने वाली बात तो यह है कि महिला सशक्तिकरण पर होने वाले खर्च में सरकार ने छह गुना तक कि कमी कर दी है। अब इस पर सरकार की क्या मंशा है यह समझ से परे है? लेकिन बात वही है कि ऐसे में महिलाओं की दशा समाज में कैसे बेहतर हो पाएगी? वहीं कृषि में महिलाओं की भूमिका का विषय कोई नया नहीं है। कृषि में महिलाओं की भागीदारी को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार ने 1996 में भुवनेश्वर में केंद्रीय कृषिरत

महिला संस्थान की स्थापना कर दी थी। कृषि मंत्रालय हर साल 15 अक्टूबर को महिला किसान दिवस के रूप में मनाता है। लेकिन मजाल है कि कभी किसी रैली में देश का कोई नेता या किसानों का नेता ही किसान 'भाईयों' के साथ 'बहनों' का ज़िक्र कर दें? अजब स्थिति है देश के भीतर की। महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलती तो है। लेकिन जब बात किसानों की होती है तो पुरुषों की ही छवि दिमाग में आती है। यहां तक कि हमारे नेता तक जब किसान सम्मेलन को संबोधित करते है तो जिक्र किसान भाईयों का ही करते है। रेडियो, टेलीविजन पर भी किसान से सम्बंधित ही कोई कार्यक्रम दिखाया जाता है तो उसमें पुरुषों के ही विज्ञापनों का प्रकाशन होता है। हमारे देश में किसानों के नाम पर लम्बा आंदोलन चलाया जाता है। लेकिन महिला किसानों का ना ही राजनीति में प्रतिनिधित्व नज़र आता है और न ही कृषि अर्थव्यवस्था में।

नेशनल सेम्पल सर्वे ऑफिस (एन एस एस ओ) के आंकड़ों पर ही गौर करें तो 23 राज्यों में कृषि, वानिकी और मछली पालन में महिलाओं का 50 फ़ीसदी है। वहीं छत्तीसगढ़ , बिहार और मध्यप्रदेश में 70 फीसदी से अधिक महिलाएं कृषि क्षेत्र में है। महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना 2020-2021 में 23 राज्यों में कोई बजट नहीं दिया गया। ऐसे में महिला किसानों की तरक्की की कल्पना करना भी बेमानी ही है। वहीं बात पुनः अहमदाबाद की करें तो यहां से क़रीब 52 किलोमीटर दूर ग्रामीण क्षेत्र में दो महिलाएं अपनी खोई हुई भूमि का मालिकाना हक पाने के लिए संघर्ष कर रही है। बावला जिले के सकोदा गांव की गीताबेन का कहना है कि उनके लिए ज़मीन ही सब कुछ है। उसे पाने के लिए वो अपनी आख़िरी सांस तक लडेगी। गौरतलब हो कि गीताबेन को ज़मीन अपने पति की मौत के बाद मिली थी। जिसके बाद 2005 में गीताबेन ने अपनी ज़मीन तीन लाख रुपये में बेच दी। लेकिन उन्हें अपनी ज़मीन की पूरी क़ीमत नहीं मिली। जिसे लेकर वह तालुका पंचायत गईं। जहां भले उन्हें न्याय मिल गया हो। वही जिस दलाल ने कम्पनी के नाम पर उनकी जमीन खरीदी थी उसने इस मामले को लेकर जिला न्यायालय में शिकायत कर दी। इसके अलावा बात गुजरात की ही करें तो वहां गैर कृषक द्वारा कृषि भूमि नहीं खरीदने का प्रावधन है। गीताबेन की तरह ही मीना पटेल भी विधवा तीन बच्चों की मां है। अपने पति की मृत्यु के बाद मीना पटेल को घर से बेदखल कर दिया गया। मीना ने अपनी ही ज़मीन को अपने पति के भाई से कीमत देकर खरीदा। मीनाबेन के ससुराल वालों ने उसके हक की ज़मीन को भी गिरवी रख दिया। ऐसे में यह किसी एक महिला की कहानी नहीं है, अपितु ऐसी हजारों महिलाएं है जो अपने हक़ की लड़ाई पूरे देश मे लड़ रही हैं और वह कोर्ट कचहरी के चक्कर काटने को मजबूर है। वहीं दूसरी तरफ हमारे देश मे कृषि का मालिकाना हक पुरुषों के पास है।अब बात जनगणना के आंकड़ों के अनुसार करें तो कृषि क्षेत्र में काम करने वालों में महिलाओं की भागीदारी भले एक तिहाई है लेकिन उनके नाम पर मात्र 13 फ़ीसदी ही जमीन है। ध्यान रहें कि देश में 80 प्रतिशत से ज्यादा आबादी हिंदुओं की है। 2005 में हिंदू उत्तराधिकारी अधिनियम में संशोधन किया गया। महिलाओं को पुरुषों के बराबर अधिकार दिए गए और इस बार अधिकार जमीन-जायदाद में भी दिए गए। लेकिन तमाम कानूनों के बावजूद सामाजिक प्रथाओं और परंपराओं की वजह से आज भी भारत में महिलाओं को वो अधिकार नहीं मिल पा रहे हैं। जो उन्हें मिलना चाहिए।

दुखः भी सहें

आज स्थिति यह है कि महात्मा बनना तो सब चाहते हैं, पर उनके अनुरूप कार्यो से जी चुराते हैं। बलिदान करने के समय हिचकिचाते हैं, वे महान कैसे बन सकते हैं। बादशाह ने सुना, मेरे राज्य में स्थान-स्थान पर रामायण का पारायण हो रहा है। उसे झुंझलाहट हुई। वह कहने लगा-मेरे शासन में राम के गीत गाए जाएं ?सा क्यों? उत्तर ग़िमला-यहां हिन्दुओं की संख्या अधिक है। कुछ सोचकर बादशाह बोला, %समुद्र में रहते हैं मगरमच्छ से वैर।% मेरे राज्य में मेरी रामायण चलेगी। बादशाह ने वाकई में अनेक पण्डितों को बुलाकर अपनी रामायण बनाने का आदेश दे दिया, पंडित असमंजस में पड़ गए। करते भी क्या? आखिर उन्हें एक उपाय सूझा। कई दिन बीतने के बाद वे बादशाह के पास गए।

बादशाह- क्या मेरी रामायण तैयार हो गई?

पंडित- जहांपनाह! रामायण करीब-करीब पूरी होने वाली है पर एक बात अधूरी है उसके बिना रामायण पूरी नहीं होगी।

बादशाह- वह क्या है?

पंडित- रामायण में राम की पत्नी सीता को रावण चुरा कर ले गया था। आपकी कौन-सी बेगम को कौन चुरा कर ले गया!

बादशाह- (प्रोध में आकर) मेरी बेगम को क्यों ले जाए? टुकड़े-टुकड़े कर दो, ऐसी रामायण मुझे नहीं चाहिए। उसने नई रामायण बनवाने का विचार त्याग दिया। कहने का आशय यह है कि आज भी प्रायः व्यक्ति अपनी रामायण (प्रशस्ति) चाहते हैं, पर कष्ट देखना, सहना कोई नहीं चाहता। महात्मा गांधी बनने को सब तैयार हैं, लेकिन गोली खाने के लिए कौन तैयार है?

कहो तो कह दूँ = मच्छरों का ÷मर्डर÷ करना है तो पहले उन्हें ÷चुकंदर का जूस÷ पिलाओ (लेखक-चैतन्य भट्ट /ईएमएस)

कितने बरस बीत गए, विज्ञान ने कितनी उन्नति कर ली , आदमी मंगल, बृहस्पति, चन्द्रमा तक पंहुचने की तैयारी में है अंतरिक्ष के चक्कर काट काट के वापस आ गया है लेकिन डेढ़ इंच के मच्छरों को वो आज भी ख़तम नहीं कर पाया द्य मच्छर को मारने के लिए तरह तरह के जतन करता है आदमी, कोई ÷कछुआ÷ छाप अगरबत्ती जलाता है तो कोई ÷ऑल आउट÷ लगाता है कोई ÷मच्छरदानी÷ लगा लेता है तो कोई ÷नीम के पत्तों÷ का धुंआ करता फिरता है कोई÷मच्छर मार अगरबत्ती÷ से उनका मुकाबला करता है तो कोई मच्छर मारने वाले ÷रेकिट÷ की मदद से मच्छरों का खात्मा करने के लिए मोर्चे पर डट जाता है, लेकिन मच्छर हैं कि मानते नहीं,एक मारो चार और आ जाते हैं द्य लोग बाग़ कहते हैं कि आखिर ये मच्छर आते कहाँ से हैं तो भैया ये नगर निगम काहे के लिए हैं इन्हें पाल पोसकर बड़ा करने में नगर निगमों का भारी रोल काल है, शहर में बनी नालियां बजबजाती रहती हैं, गंदगी हर चौराहे, हर मोहल्ले में पड़ी दिखाई देती है बरसात में सड़कों पर डबरे भरे रहते है ये ही तो मच्छरों के जन्म दाता है सो वे जन्म ले लेते हैं, लेकिन अब स्वीडन की कंपनी ÷मोलिकलूर अट्रेक्शन÷ ने एक प्रयोग बतलाया है और इस प्रयोग के लिए पहले मच्छरों को ÷जूस÷पीने का न्योता देना पड़ेगा कि भैया मच्छरों हमने आपके लिए बेहतरीन चुकंदर का जूस बना कर रखा है आओ और जी भर कर पियो,कंपनी का कहना है को ऐसे लोग जो मलेरिया से पीडित हैं उनके खून में एक तरह का मॉलिक्यूल पाया जाता है यह मॉलिक्यूल खास तरह की गंध छोड़ता है इससे मच्छर आकर्षित होते है और खून चूसने आ जाते हैं, कंपनी का कहना है कि इस मॉलिक्यूल को चुकंदर के जूस में जहर मिला कर रखना पडेगा मच्छर उससे आकर्षित होंगे और चुकंदर के जहर मिले जूस को पीने के बाद मच्छर हमेशा के लिए लंब लेट हो जाएगें यानि पहले चुकंदर लाओ फिर उसका जूस बनाओ

उसमें मॉलिक्यूल और जहर मिलाओ और उसे कमरे में रख दो , मच्छर आएगे और उस चुकंदर के जूस को खून समझ आकर पी लेंगे और देखते ही देखते वे स्वर्गवासी हो जाएंगे द्य ये स्वीडन वाले मच्छरों को क्या बेवकूफ समझते हैं ये कलियुग के मच्छर हैं इंसान का खून पीते पीते वे ÷धोखाधड़ी÷ ,÷चालबाजी÷ ÷फरेब÷ इन सबसे अच्छी तरह से वाकिफ हो गए हैं क्या वे नहीं समझेंगे कि जिस छह फुट के आदमी का खून हम लोग चूसते थे उसने अपना खून ग्लास में कैसे रखा है, अपना तो मानना है कि वे उस जूस की तरफ झांकेंगे भी नहीं, वे भी आदमी की फितरत जानते है उनको इस बात का भी ज्ञान हो गया हैं कि ÷लालच बुरी बलाय÷ होती है अभी देखा नहीं जबलपुर के भेड़ाघाट के पंचवटी में जो मगरमच्छ कैद्दी से आ गया था मुर्गा खाने के लालच में वन विभाग के पिंजड़े में फंस गयाद्य ये सारी खबरे उनके पास हैं इसलिए वे इन झटको लटकों में नहीं फंसने वाले, वैसे भी चुकंदर कौन सा सस्ता है एक किलो चुकंदर में जूस भी आखिर कितना निकलेगा द्य मछरों को इतना मूर्ख समझ रहे है ये स्वीडन वाले, इन मच्छरों की जिंदगी हो गयी आदमियों का खून चूसते चूसते और अभी तक तो वे गंदे पानी में पनपते थे लेकिन आज कल उन्होंने अपना ÷जन्म स्थान÷ बदल लिया है वे साफ़ पानी में पनपने लगे है और डेंगू फैला रहे हैं पहले उनके पास केवल ÷मलेरिया÷ का चार्ज था की अब डेंगू का कार्यभार भी उन्होंने संभाल लिया है इसलिए स्वीडन वालो और कोई उपाय ढूंढो आपकी स्कीम से मच्छरों का कुछ नहीं बिगड़ने वाला वे अमर थे, अमर हैं, और अमर रहेंगे द्य

प्रायमरी के बच्चे बन गए आईएएस अफसर

आजकल अपने प्रदेश यानि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह यानि मामाजी अपने फुल फार्म में है पुलिस कमिश्नर प्रणाली जो बीस साल से लटकी पडी थी, मामाजी ने एक ही झटके में उसे लागू कर दिया, रात भर में ड्राफ्ट भी बन गया पास भी हो गया

देश के शीर्ष रक्षक बिपिन रावत का जाना !

डॉ श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट

भारतीय सैन्य प्रमुख जनरल बिपिन रावत का तमिलनाडु के कुनूर में हेलिकॉप्टर हादसे में निधन होने के साथ ही उनकी पत्नी मधुलिका समेत 12 और लोगों ने अपनी जान गंवा दी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोकसभा में हादसे की जानकारी देते हुए सीडीएस और हादसे में मारे गए सभी लोगों को श्रद्धांजलि दी।इसके बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी हादसे में जान गंवाने वाले सभी लोगों को श्रद्धांजलि दी। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, जो हेलिकॉप्टर हादसा हुआ,हम सभी विपक्षी नेताओं की मांग थी कि सरकार की ओर से बयान जारी करने और श्रद्धांजलि देने बाद पार्टी के फ्लोर नेताओं को भी श्रद्धांजलि देने का समय मिले, लेकिन सरकार और स्पीकर ने ऐसा नहीं करने दिया,जबकि ये राष्ट्रीय मुद्दा है,क्योंकि जनरल रावत देश के पहले सैन्य प्रमुख थे। उसको श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए सबको समय नहीं मिलना चाहिए था। जनरल बिपिन रावत को वेलिंग्टन में डिफेंस सर्विस स्टाफ कॉलेज जाना था। एयरफोर्स के एमआई 17 हेलिकॉप्टर ने सुलूर एयरबेस से दिन में 11.48 पर उड़ान भरी थी, इसे वेलिंग्टन में 12ः15 बजे लैंड करना था।

लेकिन एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने हेलिकॉप्टर से करीब 12.08 बजे संपर्क खो दिया।इसके बाद कुछ स्थानीय लोगों ने जंगल में आग की लपटें उठती देखी,वे दौड़कर हेलिकॉप्टर के पास पहुंचे। इसके बाद रेस्क्यू टीम सभी को क्रैशसाइट से वेलिंग्टन सैन्य अस्पताल लेकर आई।

हेलिकॉप्टर में सवार 14 लोगों में से 13 की मौत हो गई है, जिनमें सीडीएस बिपिन रावत, उनकी पत्नी मधुलिका रावत, उनके सैन्य सलाहकार ब्रिगेडियर लिड्डर, स्टाफ ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल हरजिंदर सिंह और 9 अन्य सैन्य सुरक्षाबलों के जवान थे।ग्रुप कैप्टन वरुण सिंह फिलहाल लाइफ सपोर्ट पर हैं। उनका वेलिंग्टन में इलाज चल रहा है।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, इस घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं।दुर्घटना के बाद घटना स्थल पर पहुंचे वरिष्ठ फायरमैन और बचावकर्मी एनसी मुरली ने बताया कि हमने दो लोगों को जिंदा बचाया था। इनमें से एक जनरल रावत थे। मुरली ने बताया कि जैसे ही हमने उन्हें बाहर निकाला, उन्होंने रक्षा कर्मियों से हिंदी में धीमे स्वर में बात की और अपना नाम बोला।लेकिन अस्पताल ले जाते समय उनकी मौत हो गई। मुरली ने बताया कि जनरल रावत के शरीर के निचले हिस्से में गंभीर चोटें आई हुई थी। उन्हें चादर में लपेट कर एम्बुलेंस में ले जाया गया था।जहां रास्ते मे उनकी दुःखद मृत्यु हो गई। देश के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ बिपिन रावत इनदिनों थिएटर कमांड पर काम कर रहे थे। जिसका उद्देश्य तीनों सेनाओं को एक छत के नीचे लाना है, ताकि युद्ध की स्थिति में तीनों सेनाओं के संसाधनों का सही इस्तेमाल हो सके।लेकिन उससे पहले ही जनरल बिपिन रावत को क्रूर काल ने हमसे छीन लिया। 31 दिसंबर, 2019 को थल सेनाध्यक्ष पद से सेवानिवृत्त होने के बाद जब उन्हें नया पद सृजित कर देश का पहला चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ बनाया तो उनका सबसे पहला काम तीनों सेनाओं में तालमेल बिठाकर तीन साल के भीतर सेनाओं का पुनर्गठन कर %थिएटर कमांड% के रूप में भारतीय सैन्य शक्ति को विकसित करना था।थिएटर कमांड का अभिप्राय यही है कि भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के तीनों सेनाओं की शक्ति एक जुट हो।यह प्रोजेक्ट चीन और पाकिस्तान से होने वाले खतरों से निपटने में अहम रोल अदा करेगा,ऐसा माना जा रहा है।सन 1999 में भारत ने पाकिस्तान के साथ कारगिल की लड़ाई लड़ी थी। इसके बाद बनी कई सैन्य विषयक समितियों ने थिएटर कमांड और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ के पद स्थापना के सुझाव दिए थे।तभी तो 15 अगस्त 2019 को केंद्र सरकार ने चीफ ऑफ डिफेंस पद की स्थापना की घोषणा की थी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था, तीनों सेनाओं में समन्वय तो है और वे अपने-अपने तरीके से आधुनिकीकरण के लिए भी प्रयास करते हैं।

सूडोकु नवताल- 5921

कठिन

		5			3			
	2			9	5			
9						6		
							3	5
	6						7	
4	8							
		7						3
			2	4			9	
			8			2		

Jagrutidaur.com, Bangalore

सूडोकु नवताल -5920 का हल

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

4	2	5	8	6	1	9	7	3
7	3	1	9	4	2	8	5	6
6	9	8	7	3	5	4	2	1
1	6	2	3	8	9	5	4	7
9	4	3	5	1	7	6	8	2
8	5	7	4	2	6	3	1	9
2	1	9	6	5	8	7	3	4
5	7	4	1	9	3	2	6	8
3	8	6	2	7	4	1	9	5

पुलिस कमिश्नर प्रणाली से कानून व्यवस्था में जगी नई आस

प्रवीण कक्कड़

कई दशक के इंतजार के बाद अंततः मध्यप्रदेश में पुलिस कमिश्नर प्रणाली अमल में आ गई है। इंदौर में 2003 बैच के आईपीएस अधिकारी श्री हरिनारायण चारी मिश्रा और भोपाल में 1997 बैच के आईपीएस अधिकारी श्री मकरंद देऊस्कर को पुलिस कमिश्नर बनाए गए हैं। दोनों ही अधिकारियों की जनता और प्रशासन में बेदाग छवि है। प्रदेश उन्हें आशा भरी निगाहों से देख रहा है। प्रदेश के इन दोनों महत्वपूर्ण शहरों में कमिश्नर प्रणाली की सफलता प्रदेश में भविष्य में कमिश्नर प्रणाली के विस्तार और लाभ की एक कसौटी भी साबित होगी।

पुलिस सेवा में अपने लंबे अनुभव के आधार पर मैं यह जानता हूं कि ऐसे बहुत से कानून व्यवस्था के मामले आते हैं, जब जनहित में बहुत तेजी से फैसला लेने की जरूरत पड़ती है। तेजी से फैसला न ले पाने की स्थिति में कई बार वैसी घटनाएं घट जाती हैं जो ना घटें तो अच्छा हो। ऐसे में पुलिस कमिश्नर के पास अतिरिक्त अधिकार आ जाएंगे जो अब तक पुलिस कप्तान या डीआईजी के पास नहीं हुआ करते थे।

प्रदेश की साख महिला अत्याचारों को लेकर बहुत अच्छी नहीं रही है और यहां कि हर सरकार इस बात का प्रयास करती रही है कि महिला अत्याचारों में कमी लाई जाए। महिला अत्याचार के बहुत से मामले बड़े शहरों से ही आते हैं। ऐसे में पुलिस कमिश्नर प्रणाली यदि महिला अत्याचार को कम करने में सफल होती है तो यह इसकी बहुत बड़ी कामयाबी होगी। दिल्ली, मुंबई और अहमदाबाद जैसे देश के बड़े शहर पहले से ही पुलिस कमिश्नर प्रणाली के तहत काम कर रहे हैं। शहरों की पुलिस कमिश्नर प्रणाली का अनुभव भी मध्यप्रदेश के दोनों प्रमुख शहरों के लिए महत्वपूर्ण नजीर की तरह काम करेगा। इंदौर शहर मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा शहर है और सबसे प्रमुख वाणिज्यिक केंद्र भी है। यहां के व्यस्त बाजार, चौड़ी सड़कें और खुशमिजाज लोग निश्चित तौर पर नई प्रणाली को अपना पूरा सहयोग देंगे। भोपाल शहर का एक हिस्सा तो बहुत पुराना है, जिसे हम सिटी कहते हैं। इसके अलावा दूसरा बड़ा हिस्सा मंत्रियों, विधायकों, प्रशासनिक अधिकारियों और सरकारी कर्मचारियों से मिलकर बना है। यहां पर भी शांति व्यवस्था एक बहुत बड़ा मुद्दा रहती है। शहर का तीसरा हिस्सा कोलार रोड, इंदौर रोड, होशंगाबाद रोड के रूप में नए उपनगर के तौर पर विकसित हुआ है।

लाइव प्रसारण में पीएम नरेंद्र मोदी ने किया काशी विश्वनाथ कॉरीडोर राष्ट्र को समर्पित

मुरैना। पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा काशी विश्वनाथ कॉरीडोर राष्ट्र को समर्पित करने का कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी ने देशभर में लाइव चलाया। इसी क्रम में मुरैना जिले के 27 मण्डलों में भी भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं ने इसे आमजन के साथ लाइव देखा। मुरैना शहर के मुंगावली, पूरव, पश्चिम एवं दक्षिण मण्डल का कार्यक्रम जौरा रोड स्थिति टेलीफोन बाबा मंदिर में आयोजित हुआ, जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ योगेशपाल गुप्ता, जौरा विधायक सूबेदार सिंह रजौधा, पूर्व विधायक रघुराज सिंह कंषाना, पूर्व मंत्री मुंशीलाल पूर्व मंत्री गिर्राज डण्डौतिया, पूर्व महापौर अशोक अर्गल, किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष हमीर सिंह पटेल, प्रमुख रूप से उपस्थित रहे, कार्यक्रम की शुरुआत ब्राह्मण महात्माओं का शॉल श्रीफल एवं पुष्पहार से सम्मानित कर की गई। सोमवार को पीएम नरेंद्र मोदी ने काशी विश्वनाथ कॉरीडोर को राष्ट्र को समर्पित करते हुए प्राचीन नगरी का महत्व बताया और कहा कि यहां सिर्फ डमरू वाले बाबा की ही चलती है। यही नहीं पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि काशी तो अविनाशी है और इसे कोई नुकसान नहीं पहुंचा पाया। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि आततायियों ने इस शहर पर हमले किए। औरंगजेब ने तलवार के दम पर संस्कृति को कुचलने की कोशिश की लेकिन भारत की मिट्टी अलग ही है। यहां कोई औरंगजेब आता है तो शिवाजी उठ खड़े होते हैं और जब कोई सालार मसूद आता है महाराजा सुहेलदेव भी जवाब देने आते हैं। काशी वह स्थान है, जहां जगद्गुरु शंकराचार्य को डोमराजा की पवित्रता से प्रेरणा मिली। यहीं पर तुलसीदास ने रामचरित मानस की रचना की थी और कबीरदास से लेकर रविदास तक की धरती यह काशी बनी। उन्होंने कहा कि काशी पर औरंगजेब ने अत्याचार किए। यहां मंदिर तोड़ा गया तो माता अहिल्याबाई होलकर ने इसका निर्माण कराया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ योगेशपाल गुप्ता, पूर्व विधायक रघुराज कंषाना एवं पूर्व मंत्री मुंशीलाल ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दिलाये तीन संकल्प स्वच्छता, सृजन और आत्मनिर्भर भारत को दोहराया एवं उपस्थित कर्तकार्ताओं से कहा कि यह कोई कठिन संकल्प नहीं है इनको आसानी से जीवन मे उतारा जा सकता है। इनकी बजह से देश को बहुत बडा लाभ होगा, इसलिए खुद संकल्प लें और बाहर जाकर अन्य लोगों को भी इनके प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता रामवीर कंषाना एवं आभार भाजपा मुंगावली मण्डल के अध्यक्ष दिलीप मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में भाजपा मण्डल अध्यक्ष दिलीप मिश्रा, धीरज शर्मा, नितिन गुप्ता, अनूप जैन, भाजपा नेता अशोक शर्मा हडवांसी, अशोक यादव, पूर्व पार्षद संजय शर्मा, माधव जाटव, राकेश खटीक, अरुण परमार, दिलीप पिप्पल, मोहन दंडौतिया, मनोज मिश्रा, सोनेराम प्रजापति, दिनेश शर्मा, राहुल पचौरी, मीना भदौरिया, मीना गुर्जर, माला सिंह, रेणु शर्मा, राघवेंद्र उपाध्याय, नीरज भदौरिया, संदीप सेंगर, प्रमिल तोमर सहित सैकडों भाजपा नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भाजपा युवा मोर्चा कार्यसमिति सदस्य का हुआ स्वागत

अम्बाह। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व जिला संयोजक राहुल पचौरी को भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी में विशेष आमंत्रित सदस्य बनाए जाने पर अंबाह शहर में ब्राह्मण अंतरराष्ट्रीय संगठन के अध्यक्ष महावीर पंडित एवं उनकी टीम ने राहुल पचौरी का स्वागत किया। इस मौके पर राहुल पचौरी ने कहा कि युवा मोर्चा भाजपा सरकार की उपलब्धियों को आम जनता तक पहुंचाने का कार्य करेगा। इस अवसर पर रग्गा पंडित, लवला पंडित, अमित व्यास, राहुल पाठक, शिवा शर्मा, अंकित शर्मा, आकाश शुक्ला, मोहित पंडित, दीपक शर्मा आदि उपस्थित रहे।

माकपा नेताओं का ग्राम डोंगरपुर में हुआ नागरिक अभिनंदन

कैलारस। किसान आंदोलन में मिली ऐतिहासिक जीत को किसान अपनी अप्रतिम जीत के रूप में संजीवने के लिए जगह-जगह आयोजन कर रहे हैं। इसी क्रम में ग्राम डोंगरपुर में किसानों एवं नागरिकों द्वारा माकपा नेताओं का सार्वजनिक अभिनंदन किया गया। ग्राम वासियों की ओर से माकपा राज्य सचिव मंडल सदस्य अशोक तिवारी एवं जिला सचिव महेश प्रजापति का शॉल श्रीफल भेंट कर स्वागत किया गया। इस मौके पर स्वागतकर्ता समूह को संबोधित करते हुए नेता द्वय ने कहा कि सरकार की नीतियों के चलते महंगाई, गरीबी, बदहाली, बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। आमजन का जीना दूभर हो गया है। सरकार जिन उदारवादी नीतियों पर चल रही है। उनके चलते सार्वजनिक क्षेत्रों को बेचा जा रहा है। देश को अंधेरी खाई में धकेला जा रहा है। माकपा नेताओं ने आम जनता से आगे आकर नीतियों के बदलने के लिए संघर्ष को तेज करने की अपील की। इस मौके पर सुमेर सिंह धाकड़ पूर्व सरपंच, केदार सिंह प्रजापति, राधेश्याम प्रजापति आदि ने भी जनता को संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बाबूलाल प्रजापति, गिर्राज गोस्वामी सहित कई वरिष्ठ नागरिक जन शामिल हुए।

भाजपा नगर मंडल अम्बाह के द्वारा मैया और साधु संतों का किया सम्मान

अम्बाह। कोल्ड स्टोर वाली माता के मंदिर पर सोमवार को दिव्य काशी भव्य काशी लोकार्पण कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा काशी विश्वनाथ की धरा से देश को वर्चुअल के माध्यम से संबोधित किया गया। इस आयोजन का लाइव प्रसारण कोल्ड वाली माता मैया मंदिर उसेद घाट पर किया गया। इस दौरान मंदिर की मंहत श्री मैया सहित अन्य साधु संतों का सम्मान भी किया गया।

दो जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीन देकर हेमा ने दिया रोजगार

मुरैना। शादी की सालगिरह पर समाजसेवी हेमा अग्रवाल ने मुश्किलों का सामना कर रहीं गरीब जरूरतमंद दो महिलाओं को सिलाई मशीनें दीं। जिससे वे महिलाए कपडे सिलाई कर अपने घर खर्च व बच्चों की परवरिश में परिवार की मदद कर सकें। समाजसेविका हेमा अग्रवाल द्वारा जिन महिलाओं की मदद की गई है उनमें एक कोरी मोहल्ला मुरैना की निवासी किरण शाक्य है जिनकी मां कबाडे का काम करती हैं, पर्याप्त आमदनी न होने के कारण वे चाहती थीं कि कोई उन्हें सिलाई मशीन दे देता तो वह कपडे आदि सिलकर अपनी मां की मदद कर पातीं। अब मशीन पाकर उनकी यह समस्या दूर हो गयी है। वहीं दूसरी महिला वैजयंती माहौर है जो सिलाई में दक्ष तो हैं पर सिलाई मशीन खरीदने में समर्थ नहीं थी, इस बात की जानकारी जब श्रीमती हेमा को लगी तो उस मलिा से उन्होंने मुलाकात की तब महिला ने बताया कि वह सिलाई करके कुछ पैसे कमाकर अपने घर को सहयोग करने की इच्छा रखती हैं, किन्तु पैसों की कमी के चलते वह फिलहाल मदद करने में असमर्थ है। महिला की बात सुन समाजसेविका हेमा ने स्वयं खरीदकर उसे भी सिलाई मशीन दी। विदित हो कि सिलाई मशीन पाकर ये दोनों ही महिलाएंअब बहुत खुश हैं ,उनका कहना था कि कपडे सिलाई करके कुछ जो भी आमदनी होगी, उससे वह घर की जरूरतों को पूरा करने में मदद कर सकेंगी। सिलाई मशीन पाकर दौनों ही महिलाओं ने हेमा अग्रवाल व उनके पति के दीर्घायु की कामना की है।

अर्टिगा कार से 8 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद, दो पकड़े

मुरैना। कोतवाली पुलिस ने सोमवार की सुबह बाईपास रोड पर चेकिंग लगाकर एक अर्टिगा कार को अवैध शराब के साथ जप्त कर लिया एवं दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा आरोपी गणों से पूछताछ कर आबकारी एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में शराब तस्करों के विरुद्ध चलाई जा रही मुहिम के तहत थाना प्रभारी शैलेंद्र गोविल को मुखबिर से सूचना मिली के हरियाणा से एक कार में अवैध शराब भरकर एबी रोड होते हुए बाईपास रोड पर ले जाई जा रही है। उक्त सूचना पर कोतवाली पुलिस ने बाईपास पर चेकिंग लगाई, जैसे ही मुखबिर द्वारा बताई गई सफेद रंग की कार अर्टिगा आती दिखी तो उसे घेरकर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर गाड़ी के अंदर से आठ पेटी रॉयल स्टैग शराब बरामद की गई तथा आरोपियों पर कोई दस्तावेज नहीं मिले, बल्कि कूट रचित सेना का आईडी कार्ड एवं कैंटीन कार्ड तथा आधार कार्ड अलग-अलग पते के पाए गए। कोतवाली पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर 1 लाख रुपए कीमत की अवैध शराब एवं 10 लाख रुपए कीमत की अर्टिगा कार जप्त कर प्रकरण दर्ज किया है।

कोचिंग सेंटर पर तहसीलदार ने शांति बनाए रखने दी हिदायत

अम्बाह। कोचिंग सेंटरो पर कुछ छात्रों द्वारा उपद्रव किए जाने की शिकायत के बाद तहसीलदार राजकुमार नागौरिया आज पुलिस बल के साथ हाथी गड्ढा रोड पर स्थित कोचिंग सेंटरों पर पहुंचे जहां पर बेवजह खड़े छात्रों को अनावश्यक कोचिंग सेंटरों पर ना खड़े होने की सलाह दी व कोचिंग संचालकों को भी शांतिपूर्वक तरीके से कोचिंग संचालन के लिए कहा। तहसीलदार ने छात्रों को विदाई देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की उपद्रव की शिकायत आने पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने छात्राओं को भी अपना नंबर दिया और कहा किसी भी प्रकार की शिकायत वह उन्हें बता सकती हैं।

शैक्षणिक भ्रमण: छात्र-छात्राओं ने जाना नलकेशवर धाम का धार्मिक, ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक महत्व

अम्बाह। स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बाह एवं महात्मा लोचनदास उमावि अम्बाह के छात्र-छात्राओं ने ग्वालियर के तिघरा डैम से 15 किमी आगे घने जंगल एवं दुर्गम पहाड़ियों के बीच स्थित नलकेशवर धाम का भ्रमण कर न केवल वहां की प्राकृतिक छटा का आनंद लिया बल्कि, नलकेशवर महादेव और टपकेश्वर महादेव के दर्शन कर उनकी पूजा अर्चना भी की व यहां के धार्मिक, ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक महत्व के बारे में भी जाना। छात्र-छात्राओं का 21 सदस्यीय दल गत दिवस प्राध्यापक डॉ आरएएस चौहान, आरके. मिश्रा, नेहा तोमर, एमएलडी के एनएसएस अधिकारी विजय शर्मा व शिक्षक राज कुमार तोमर के नेतृत्व में एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण पर यहां पहुंचा था। नलकेश्वर धाम के बारे में जानकारी देते हुए विजय शर्मा ने बताया कि सोन चिरैया अभ्यारण्य क्षेत्र में बना नलकेश्वर महादेव मंदिर सैकड़ों वर्ष पुराना है। नलकेश्वर को ही श्रृषि गालव की तपोभूमि भी बताया जाता है। मंदिर कैसे बना इसका प्रमाणिक इतिहास तो नहीं मिलता लेकिन इस मंदिर में पहाड़ों से होकर सांक नदी का पानी वाटरफॉल के जरिए पहुंचता है। नलकेश्वर महादेव के ठीक पास ही टपकेश्वर महादेव मंदिर है। यहां महादेव की पिण्डी पर पहाड़ से अपने आप पानी की बूंदें 12 महीने, 365 दिन हर घड़ी भगवान शिव का अभिषेक करतीं रहती हैं। इस क्षेत्र का सम्बन्ध ग्वालियर किले से भी रहा है। 15 वीं सदी में ग्वालियर के महाराज मान सिंह तोमर ने अपनी रानी मृगनयनी के लिए विवाह की शर्तानुसार यहां के वाटरफॉल का पानी ग्वालियर किले तक पाइप लाइन डलवाकर पहुंचाया था। जिसके टूटे-फूटे अवशेष आज भी यहां पर्यटक देख सकते हैं। जंगल में ट्रेकिंग करते हुए डॉ चौहान ने यहां की समृद्धशाली जैव-विविधता के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा यहां पाये जाने वाले जीव, जन्तुओं और वनस्पतियों के महत्व के बारे में बताया। शाम को भ्रमण दल मितावली स्थित चम्बल की संसद कहे जाने वाले चौंसठ योगिनी मंदिर पहुंचा। जहां दल ने पर्यटन स्थलों की साफ-सफाई एवं जैव-विविधता बनाए रखने की शपथ ली। भ्रमण दल पर्यटन स्थलों से सम्बंधित ज्ञान और अनेक अनुभवजन्य रोचक जानकारियों को अपने जेहन में समेटे हुए मधुर स्मृतियों के साथ खुशी-खुशी लौट आया।

संभाग स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में ग्वालियर टीम रही विजेता

अम्बाह। खेल कोई भी हो, खिलाडी कोई भी हो लेकिन खेलने की भावना बहुत पवित्र होनी चाहिए। खेल से न केवल हमारा शारीरिक विकास होता है अपितु जीवन में संतुलन भी आता है। यह उद्बोधन अम्बाह एसडीएम राजीव समाधिया ने फाइनल मैच से पूर्व खिलाडियों के बीच दिया। मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के खेल कलेंडर के अनुसार नयी खेल नीति के अंतर्गत अम्बाह स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बाह के खेल मैदान में सम्भाग स्तरीय पुरुष वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें मुरैना, भिंड, गुना, शिवपुरी, दतिया, ग्वालियर की टीमों ने भागीदारी की। मैच से पूर्व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शिवराज सिंह तोमर ने उद्घाटन किया और सभी आगंतुक खिलाडियों व टीम प्रभारियों का अभिनंदन करते हुए विजयी होने की शुभकामनाएं दीं। महाविद्यालय के क्रीडा अधिकारी वीरेन्द्र सिंह गुर्जर ने प्राचार्य, रनवीर सिंह सिकवार क्रीडा अधिकारी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मुरैना एवं उपस्थित अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। प्राचार्य डॉ. तोमर ने दोनों टीमों के खिलाडियों का परिचय लिया। इस प्रतियोगिता का फाइनल मुरैना और ग्वालियर के बीच बहुत ही शानदार मैच का आयोजन हुआ।

रामपाल महाराज के अनुयाई के साथ घर में घुसकर मारपीट एवं धमकी, पीड़ित ने एसपी को दिया ज्ञापन

मुरैना। जौरा थाना क्षेत्र में विगत दिवस जगत गुरु संत रामपाल महाराज के अनुयाई कि कुछ असामाजिक तत्वों ने घर में घुसकर मारपीट कर दी और गाली गलौज करते हुए अभद्रता की तथा धमकियां दी जा रही हैं। इस मामले में जौरा पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। सीएम हेल्पलाइन के बावजूद भी अभी तक आरोपियों पर पुलिस द्वारा कोई एक्शन नहीं लिया गया है, जिससे उनके हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। पीडित परिवार ने सैकड़ों लोगों के साथ सोमवार को पुलिस अधीक्षक ललित शाक्यवार के दफ्तर पहुंचकर कार्यवाही के लिए ज्ञापन दिया। फरियादी छुट्टन मांझी पुत्र भोलाराम माझी 58 वर्ष ने ज्ञापन में बताया कि वह संत रामपाल महाराज के अनुयाई हैं और भारतवर्ष में 4 करोड़ अनुयाई हैं जो समाज में फैली कुरीतियों बुराइयों को लेकर लोगों को जागरूक कर उनका त्याग कर स्वच्छ समाज का निर्माण करने का प्रयास कर रहे हैं। उनके द्वारा किए जा रहे इन कार्यों से कुछ असामाजिक तत्वों को परेशानी हो रही है और वे उनके धार्मिक आयोजनों में अभद्र टिप्पणियां करते हैं तथा बाधा पहुंचाते हैं। इसी द्वेष के चलते सामाजिक षड्यंत्र फैलाने का प्रयास किया जा रहा है। गत 10 दिसंबर को छुट्टन मांझी जौरा में अपने घर के अंदर छोटे-छोटे बच्चों को कोचिंग पढ़ा रहा था, तभी आरोपी अशोक शिवहरे, लक्ष्मण शिवहरे, धीरज शिवहरे, रमेश शिवहरे एवं भूरा राठौर आदि घर में घुस आए तथा गंदी-गंदी गालियां देकर बलपूर्वक प्रार्थी को उठाकर ले गए तथा पत्नी एवं बच्चों से अभद्रता कर लात घुसा से बुरी तरह मारा एवं मुंह पर कालिख पोत कर नगर में घुमाया। यह घटना बेहद शर्मसार करने वाली थी, यही नहीं आरोपी बलपूर्वक उन्हें थाने तक ले गए, लेकिन पुलिस ने उन पर कार्यवाही ना करते हुए उन्हें जाने दिया तथा प्रार्थी की शिकायत पर कोई कार्यवाही नहीं की। इसके बाद सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत की गई है, लेकिन वहां से भी कोई आश्वासन नहीं मिला है।

प्रथम व द्वितीय चरण में 07 विकासखंडों में पंचायत चुनाव के लिए जारी हुई अधिसूचना

रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2021-22 कार्यक्रम के अनुसार बालाघाट जिले में त्रि-स्तआरीय पंचायतों के चुनाव तीन चरणों में सम्पन्न कराये जायेंगें। जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच एवं पंच के निर्वाचन के लिए प्रथम चरण में 06 जनवरी 2022 को विकासखंड बैहर, परसवाड़ा, वारासिवनी एवं खैरलांजी के ग्रामों में मतदान कराया जायेगा। इसी प्रकार द्वितीय चरण में 28 जनवरी 2022 को विकासखंड लांजी, किरनापुर एवं कटंगी के ग्रामों में तथा तृतीय चरण में 16 फरवरी 2022 को विकासखंड बालाघाट, लालबर्रा एवं बिरसा के ग्रामों में मतदान कराया जायेगा।

7911 पंच, 474 सरपंच, 152 जनपद सदस्य एवं 19 जिला पंचायत सदस्य के लिए अधिसूचना जारी

प्रथम एवं द्वितीय चरण में विकासखंड बैहर, परसवाड़ा, वारासिवनी, खैरलांजी, लांजी, किरनापुर एवं कटंगी के 7911 पंच, 474 सरपंच, 152 जनपद पंचायत सदस्य एवं 19 जिला पंचायत सदस्य के निर्वाचन के लिए संबंधित क्षेत्र के रिटर्निंग आफिसर द्वारा आज 13 दिसंबर 2021 को निर्वाचन की अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसके साथ ही स्थानों के आरक्षण एवं मतदान केन्द्रों की सूची का प्रकाशन भी कर दिया गया है। निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के साथ ही नाम निर्देशन पत्र जमा करने की प्रक्रिया भी प्रारंभ हो गई है। आज 13 दिसंबर को प्रथम दिन पंच, सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य के लिए किसी भी प्रत्याशी द्वारा नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया है। नाम निर्देशन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 20 दिसंबर 2021 रखी गई है। नाम निर्देशन पत्र निर्धारित दिनों में प्रात: 10.30 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक जमा किये जा सकेंगें। प्रत्याशियों द्वारा जमा किये गये नाम निर्देशन पत्रों की जांच 22 दिसंबर 2021 को की जायेगी। चुनाव नहीं लड़ने वाले प्रत्याशी 23 दिसंबर 2021 को अपरान्ह 03 बजे तक अपने नाम वापस ले

सकेगें। नाम वापसी के बाद शेष बचे प्रत्याशियों को 23 दिसंबर 2021 को चुनाव चिन्ह आबंटित कर दिया जायेगा। विकासखंड बैहर, परसवाड़ा, वारासिवनी, खैरलांजी के ग्रामों में 06 जनवरी 2022 को प्रात: 07 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक मतदान कराया जायेगा। द्वितीय चरण में विकासखंड लांजी, किरनापुर एवं कटंगी के ग्रामों में 28 जनवरी 2022 को प्रात: 07 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक मतदान कराया जायेगा।

नाम निर्देशन पत्र जमा करने 61 क्लस्टर बनाये गये

पंच, सरपंच एवं जनपद पंचायत सदस्यों के नाम निर्देशन पत्र भरने के लिए प्रत्येक विकासखंड में क्लस्टर बनाये गये है और उनमें सहायक रिटर्निंग आफिसर नियुक्त किये गये हैं। विकासखंड किरनापुर में ग्राम पंचायत भवन रजेगांव, हिर्री, सेवती, सालेटेका, माटे एवं किरनापुर में क्लस्टर बनाया गया है। विकासखंड परसवाड़ा में जनपद पंचायत भवन के कक्ष क्रमांक-06, ग्राम पंचायत भवन कुमादेही, उकवा, खुड्डीपुर(डोरा), पोंडी, ठेमा, परसवाड़ा, खुरमुंडी, चंदना एवं छपरवाही में क्लस्टर बनाया गया है। विकासखंड कटंगी में ग्राम पंचायत भवन महकेपार, कटेरा, नांदी, कटेदरा, जाम, टेकाड़ी-का., बीसापुर, तिरोड़ी, बोनकट्टा एवं जनपद पंचायत भवन कटंगी में क्लस्टर बनाया गया है।

विकासखंड लांजी में जनपद पंचायत भवन लांजी, ग्राम पंचायत भवन साडरा, कारंजा, मनेरी, भानेगांव, बोलेगांव, घोटी, रिसेवाड़ा, विकासखंड खैरलांजी में ग्राम पंचायत भवन आरंभा, भेंडारा, मोवाड़, कटोरी, खैरलांजी, खरखड़ी, मिरगपुर, नवेगांव-तीन, सालेबर्डी, विकासखंड वारासिवनी में जनपद पंचायत सभाकक्ष वारासिवनी, सामुदायिक भवन बुदबुदा, ग्राम पंचायत भवन कोचेवाही, मेंहदीवाड़ा, झालीवाड़ा, रामपायली, गर्रा-राम., मेंडकी, दिनी, कायदी एवं विकासखंड बैहर में जनपद पंचायत बैहर सभाकक्ष, ग्राम पंचायत भवन परसामऊ, बिठली-उ. आमगांव, गढ़ी, भंडेरी, सोनपुरी एवं कुकर्रा में क्लस्टर बनाया गया है। पंच पद के प्रत्येक अभ्यर्थी को अपने नाम निर्देशन-पत्र के साथ आयोग द्वारा विहित प्ररूप में एक घोषणापत्र एवं उसके साथ घोषणापत्र का सार तथा सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य एवं जिला प्रचायत सदस्य के प्रत्येक अभ्यर्थी को अपने नाम निर्देशन पत्र के साथ एक शपथ-पत्र एवं शपथ पत्र का सार प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है। मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 36 में किये गये प्रावधान के अनुसार पंचायत के शोध्यों की बकाया वसूली के संबंध में त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए पंच, सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य के अभ्यर्थियों को अपने नाम निर्देशन पत्र के साथ पंचायत को देय समस्त शोध्यों का ÷अदेय प्रमाण पत्र÷ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। इसी प्रकार बिजली बिल की बकाया वसूली के संबंध में अदेय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

वन-टू-वन

ग्राम पंचायत थरा में किया गया आरक्षण सूची,का प्रकाशन

थरा /अम्बाह भीमसेन सिंह तोमर। आज से शुरू हुई त्रि स्तरीय पंचायत चुनावों की नामांकन प्रक्रिया में थरा ग्राम पंचायत कार्यालय पर आज पंचों के आरक्षण संबंधी जानकारी प्रदर्शित की गई। जिसमें ग्राम पंचायत थरा के बीस वार्डों में आरक्षण , महिला, और मुक्त संबंधित जानकारी लोगों ने पहुंच कर प्राप्त की। सूची का प्रकाशन पंचायत सचिव अविलाख, चौकीदार, मुन्ना सिंह परिहार के द्वारा चस्पा कर दी गई।, जिसमें जनपद पंचायत सदस्य थरा के लिए अनारक्षित महिला पद निर्धारित किया गया।, वहीं सरपंच के लिए अनुसूचित जाति, महिला पद निर्धारित किया गया है ??

पंचायती चुनाव का आगाजःप्रशासनिक अधिकारियो ने लिया जायजा

दबोह(अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे)

मध्यप्रदेश में पंचायती चुनाव के आगाज के चलते प्रशासन पूरी तरह से शख्त हो चुका है।जिसके चलते प्रशासनिक अधिकारी जायजा लेते हुए नजर आए।दरअसल पंचायत चुनाव का आगाज होने के बाद भिंड पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान ने नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश खरपुसे ने दबोह क्षेत्र का जायजा लिया।जिसके चलते अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश खरपुसे उपतहसील कार्यालय पहुंचे कर निर्वाचन अधिकारी से बातचीत की।इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री खरपुसे ने थाना प्रभारी प्रमोद साहू को आवश्यक निर्देश भी दिए।इस दौरान लहार एसडीओपी अवनीश बंसल,एसडीएम आरए प्रजापति व थाना प्रभारी दबोह प्रमोद साहू साथ मे मौजूद रहे।

देश के प्रथम सीडीएस बिपिन रावत सहित शहीद हुए सभी 12 लोगों को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि दी गई

दैनिक पुष्पांजली टुडे

ग्वालियर । आदित्यपुरम फेस टू में।। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल सिंह तोमर ने बताया की आज शाम देश की सेवा

करते हुए शहीद हुए वीर सैनिक देश के प्रथम सीडीएस मेजर जनरल बिपिन रावत एवं उनकी पत्नी मधुलिका जी सहित उनके साथ 12 अन्य लोग एक विमान हादसे में अब हम सबके बीच नहीं रहे ।। जिससे पूरे भारत में एक शोक की लहर दौड़ गई है इसी क्रम में ग्वालियर जिले स्थित आदित्यपुरम फेस 2 मैं भूतपूर्व सैनिक, आसपास क्षेत्र के समस्त आम नागरिक, एवं अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट ने संयुक्त रुप से श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर भारत मां के वीर सपूतों को भारी मन से अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि दी।। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल सिंह तोमर ने शहीद विपिन रावत जी के देश की सेना के लिए दिए गए योगदान को याद किया और ईश्वर से प्रार्थना की कि सभी दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान दे साथ ही ईश्वर से प्रार्थना की कि सभी शहीदों के परिवारों को इस दुख को सहन करने की शक्ति दे।।

विधिक संकाय के छात्र-छात्राएं पाठ्यपुस्तकों से वंचित

रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट

ज़िले के शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में विधिक संकाय के छात्र-छात्राएं पढ़ाई के लिए महाविद्यालय से मिलने वाली पाठ्यपुस्तकों से वंचित है। जिस संबंध में महाविद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा पत्राचार के माध्यम से बताया कि महाविद्यालय में विधिक छात्र-छात्राओं को लगातार पढ़ाई के लिये उचित साधन न मिल पाने के कारण परेशानी रही हैं। एक सत्र समाप्त होने को आ गया है, और महाविद्यालय में अध्यशयनरत छात्र-छात्राऐं आज भी पुस्तगकें व अन्य शासन द्वारा प्राप्तय सुविधाओं से वंचित है। महाविद्यालय में चल रही लगातार पुस्तकों की परेशानी को देखते हुए कुछ छात्रों द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 को लगाकर जानकारी प्राप्ति की गई हैं, जिसमें महाविद्यालय द्वारा सत्र 2016-17, 2018-19, 2019-20 के लिये पुस्तक का क्रय किया गया है आरटीआई एक्टा 2005 के अंर्तगत महाविद्यालय से सूचना प्रदान की गई हैं,परन्तु आज तक महाविद्यालय में छात्र-छात्राऐं पुस्तक एवं अन्य संसाधनों से वंचित है। छात्रों का कहना है कि अगर महाविद्यालय द्वारा पुस्त-कों का

क्रय किया गया है तो छात्र-छात्राओं को क्यों उपलब्ध् नहीं कराई जा रही हैं। ज्ञातत्व? हो की महाविद्यालय शासकीय शंकर साव पटेल वारासिवनी में विधिक संकाय जनभागीदारी से चल रहा है जनभागीदारी समिति द्वारा पुस्तीकों का क्रय भी किया गया है परन्तु छात्र-छात्राऐं आजभी वंचित है। छात्र-छात्रों को पुस्ततकें नहीं मिल पाने के कारण विधिक संकाय के छात्र-छात्राओं द्वारा दिनांक 25/06/2021 को पुस्तेक न मिलने के सम्?बन्धट में आवेदन किया गया था,लेकिन प्राचार्य महोदय जी के द्वारा भी कोई कार्यवाही नही की गई हैं। वैसे ही कोरोना महामारी के चलते छात्र छात्राओं के मा?ता-पिता के आर्थिक स्थिति सोचनीय है और वैसे में छात्रों को जो शासकीय सुविधा पढ़ाई के लिये मिलती है उससे भी वे महाविद्यालय से वंचित है। इस समस्या से निजात पाने छात्रों ने एसडीएम से गुहार लगाई है।

महाराणा प्रताप की स्मृति में राजस्थान प्रीमियर लीग 8 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ

पुष्पाजली टुडे

मैसूरु=. मेवाड़ के वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की स्मृति में राजस्थान प्रीमियर लीग - 8 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन रेलवे क्रिड़ा मैदान में किया गया द्य सर्व प्रथम गत दिनों कनूर में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में वीरगति को प्राप्त हुए सीडीएस बिपिन रावत सहित बारह सेना के जवानों के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई द्य इस प्रतियोगिता में 6 टीमों ने भाग लिया द्य आखिरी मैच आशापुरा वॉरियर्स और माली वॉरियर्स के बीच खेला गया द्य माली वॉरियर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 43 रन का लक्ष्य रखा द्य आशापुरा ने 5 विकेट से मैच जीतकर खिताब अपने नाम किया द्य ट्रॉफी व पारितोषिक के लाभार्थी समाजसेवी बनूर डॉ. महेंद्र सिंह राजपुरोहित रहे द्य अर्जुनराम पुरोहित द्वारा विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की गई द्य

गौतम प्रसादी के लाभार्थी वरदाराम माली व हनुमान पटेल रहे द्य इस दौरान आशापुरा टीम के कप्तान नितिन राजपुरोहित,किशन राजपुरोहित, वरदाराम माली, निर्मल,मंगल, संदीप,अर्जुन, विक्रम, गोपाल पटेल,हनुमान पटेल सहित बड़ी संख्या में दर्शक एवं खिलाड़ी मौजूद रहे द्य ग्राउंड स्पॉन्सर चेतन गिरी भक्त मंडल रहे।

मेहगांव में 13 दिन पूर्व हुई हत्या के विरोध में जैन समुदाय ने किया नेशनल हाइवे जाम

दैनिक पुष्पांजली टुडे बृजपाल सिंह गुर्जर

मेहगांव भिण्ड नेशनल हाइवे पर 13 दिन पूर्व एक युवक की हत्या हुई थी। जिसके हत्यारों का मेहगांव पुलिस ने कल खुलासा कर दिया था। परंतु म्रतक के वेटे ऋषव जैन से आरोपी हरिमोहन के पिता सीताराम शिवहरे ने गाली गलौज करने एवं परिवार को जान से मारने की धमकी दी थी उसके बाद म्रतक के परिवार एवं जैन समाज ने एक साथ नेशनल हाइवे पर चक्काजाम कर दिया परिवार के लोग एसपी को बुलाने पर अड़े रहे है। 3 घण्टे चला चक्का जाम फिर भिण्ड के भाजपा नेता रविसेन जैन के हस्तक्षेप के बाद परिवार के लोग द्धद्वह पर माने म्रतक सन्तोष जैन की पत्नी रीना जैन ने अपने पुत्र एवं ननद के साथ रिपोर्ट की पुलिस ने सीताराम शिवहरे शंकर शिवहरे एवं रामू शिवहरे पर धारा 323,294,506,34 का अपराध पंजीबद्ध किया।

अखिल भारतीय लोधी युवा महासभा ने किया विधानसभा कार्यकारिणी का गठन

संजय सिंह तोमर रिपोर्टर

आगरा। आगरा फतेहपुर सीकरी बिधान सभा के सीकरी चार हिस्सा नगर में अखिल भारतीय लोधी युवा महासभा जिला अध्यक्ष उमेन्द्र राजपूत के नेतृत्व में विधानसभा युवा टीम का गठन किया गया। अखिल भारतीय लोधी युवा महासभा के जिलाध्यक्ष उमेन्द्र राजपूत ने बताया कि आयोजन में मुख्य अतिथि महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद लोधी एवम विशिष्ट अतिथि प्रदेश संगठन महामंत्री हरिओम लोधी रहे । आयोजन को बिधिवत रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद लोधी ने वीरांगना अवन्तिबाई लोधी की स्मृति चिन्ह पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया और महासभा के कार्यो पर प्रकाश डाला और युवाओं को शिक्षा खेल कूद के क्षेत्र में प्रेरित किया साथ ही कहा अगर लोधी समाज का संगठन मजबूत होगा तो राजनीति की हिस्सेदारी भी मजबूत होगी संगठन से ही राजनीति के लिये रास्ता बनाता है।

प्रदेश संगठन महामंत्री हरीओम लोधी ने कहाँ कि महासभा आगरा की सभी बिधान सभाओ पर हजारों की संख्या में युवाओं को जोड़ने का काम करेगी आज फतेहपुर सीकरी से शुरुआत हो चुकी है। इसी क्रम को बढ़ाते हुए

आगरा की सभी विधानसभा में होते हुए प्रदेश स्तर तक ले जाएंगे । आपको बता दे कि बिधान सभा टीम का गठन मिथुन लोधी अध्यक्ष चंद्रशेखर प्रधान स.महामंत्री कालू राजपूत महामंत्री रवि राजपूत धर्मवीर लोधी,अरविंद लोधी प्रेमसिंह लोधी महेश लोधी मनीष लोधी को विधानसभा उपाध्यक्ष सुनील पटेल पुष्पेंद्र लोधी गुड्डू लोधी मंत्री सी वी राजपूत मीडिया प्रभारी नरेंद्र लोधी कोषाध्यक्ष सहित सैकड़ों युवाओं को सदस्यता दिलाई गई कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित डॉ वीरेंद्र लोधी जिला महामंत्री मुकेश सेट रविन्द्र लोधी जिला उपाध्यक्ष पवन लोधी दामोदर लोधी योगेश लोधी पंकज लोधी जिलामंत्री दिनेश लोधी सचिन राजपूत सभी पदाधिकारीगण मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जोगेंद्र लोधी पत्रकार ने की और संचालन दामोदर लोधी रविन्द्र लोधी ने किया।

मां गंगा ने मुझे बुलाया है तब मैं बनारस आया हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

प्रधानमंत्री ने मां गंगा के पुत्र का दायित्व निभाया

पुष्पांजलि टुडे संवाददाता पाली

पाली । भारतीय जनता पार्टी पाली जिले में विभिन्न जगह पर भव्य काशी दिव्य काशी कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा काशी कॉरिडोर का लोकार्पण किया गया । जिसको देश भर में लाइव देखा गया । साडे सात साल पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब उत्तर प्रदेश के बनारस संसदीय क्षेत्र से नामांकन दाखिल किया था तब अपने संबोधन में कहा था कि मां गंगा ने मुझे बुलाया है ।इसलिए बनारस आया हूं तब यह सवाल उठा कि क्या नरेंद्र मोदी गंगा पुत्र का दायित्व निभाएंगे इस सवाल का जवाब बनारस की जनता और देशवासियों को 13 दिसंबर 2021 को काशी विश्वनाथ मंदिर के कॉरीडोर के लोकार्पण से मिल गया हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मां गंगा का वचन पूरा करते हुए अब गंगा नदी से बाबा के मंदिर को देखा जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी

आदित्यनाथ ने बनारस को भगवान शिव की नगरी में बदल दिया । 13 दिसंबर 2021 को 800 करोड रुपए की लागत से बनने वाले कॉरिडोर के लोकार्पण के अवसर पर बनारस के लोगों ने माना कि मोदी योगी की जोड़ी ने काशी नगरी की कायापलट कर दी हैं। इससे पूर्व मंदिर का मुख्य प्रवेश द्वार जो मात्र 2000 स्क्वायर फिट का था वह अब 52000 स्क्वायर फिट का हो गया है । इससे काशी नगरी में हुए पुन निर्माण के कार्यो का अंदाजा लगाया जा सकता है । ऐसा नहीं मोदी ने बनारस की काया पलट कर मां गंगा के पुत्र का दायित्व पूरा किया। ।मोदी ने एक सनातन धर्म का दायित्व भी निभाया। मान्यता है कि काशी नगरी में वही प्रवेश करता है जो पहले काल भैरव से अनुमति देता है। काल भैरव को काशी का कोतवाल कहां जाता है ।नरेंद्र मोदी ने इस मान्यता के अनुरूप 13 दिसंबर को सबसे पहले काल भैरव मंदिर में पूजा अर्चना की अग्नि से दीप प्रज्वलित करके विशेष पूजा अर्चना आराधनाई हाथ में लेकर मंदिर की परंपरा के अनुसार काल भैरव की आरती की। इसके बाद मोदी ने एक सच्चे हिंदू वादी का फर्ज निभाते हुए गंगा नदी के किनारे ललिता घाट पर डुबकी लगाई बिना किसी सहायता के मोदी ने कलश और पूजा की सामग्री अपने हाथ में ली और नदी में कई बार डुबकी लगाई हो सकता है कि सुरक्षा अधिकारियों ने देश के प्रधानमंत्री को बहती गंगा नदी में डुबकी लगाने से मना किया हो। लेकिन मोदी ने सनातन धर्म की परंपरा का निर्वाह करते हुए एक बार नहीं बल्कि अनेकों बार अपने पूरे शरीर को गंगा नदी में डुबाया। काशी विश्वनाथ कार्यक्रम को लाइव देखने के लिए भारतीय जनता पार्टी पाली मरुधरा के पाली जिले में भी इस कार्यक्रम के तहत जिले में विभिन्न स्थानों पर अलग-अलग कार्यक्रम हुए इसके तहत जिला स्तर पर राजेंद्र नगर विस्तार मे श्री मंशापूर्ण बालाजी मंदिर में दिव्य काशी भव्य काशी का कार्यक्रम संत सुरजन दास महाराज के नेतृत्व आयोजित किया गया । जिसमें कार्यक्रम के जिला संयोजक तिलोकराम चौधरी सह संयोजक मुकेश नाबरिया सभापति रेखा राकेश भाटी मंडल अध्यक्ष नरपथ दवे पार्षद अशोक शर्मा सेमाज सेवी गणपत बावरी गुमानसिह रावत कई प्रबुद्ध नागरिकों ने भाग लिया कार्यक्रम को लाइव देखने के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में साधु संतों का सम्मान किया गया ।तथा सभी ने काशी कॉरिडोर मैं मोदी द्वारा किए गए कार्य की सराहना की कार्यक्रम को 1 घंटे तक सैकड़ों महिलाओं तथा प्रबुद्ध नागरिकों ने देखा साथ में भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में कार्यक्रम को सफल बनाया गया।

भाजपा ने भव्य काशी दिव्य काशी अभियान के तहत संतजनों का किया सम्मान

गोहद देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बनारस स्थित श्री काशी विश्वनाथ धाम पर 800 करोड़ से अधिक की लागत से बने भव्य कॉरिडोर के शुभारंभ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण गोहद भाजपा के कार्यकर्ताओं ने नगर के छेकुर हनुमान मंदिर पर आयोजित किया इस अवसर पर पार्टी शोभित अग्रवाल मौजूद रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विवेक जैन ने की । इस अवसर पर उपस्थित छेकुर हनुमान मंदिर के पुजारी सन्त श्री प्रमोद शर्मा को मंडल अध्यक्ष विवेक जैन ने शॉल एवं श्रीफल देकर व पुष्प माला प्रदान कर सम्मान किया । इस अवसर पर उपस्थित सन्त श्री ने कहा कि हम सबके लिए आज बड़े ही गौरव का क्षण है आज काशी विश्वनाथ धाम मैं कॉरिडोर का शुभारंभ हो रहा है जिस का लाइव प्रसारण हम सब लोग देख रहे हैं इससे हिंदू सनातनी परंपरा को और मजबूती प्रदान होगी देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस प्रकार देश के प्रमुख धार्मिक स्थलों का विकास किया है इसके लिए हम सब संतजन उनके आभारी हैं।इस अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि शोभित अग्रवाल ने भी प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद दिया ओर कहा आज देश के पीएम मोदी जी धार्मिक स्थलों के विकास एवं उनकी साज-सज्जा पर पूरा ध्यान दे रहे हैं जिससे स्थानीय नागरिकों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होते हैं पीएम मोदी को हम सब भाजपा कार्यकर्ता धन्यवाद देते है और भगवान का आभार मानते हैं कि हम सब कार्यकर्ताओं को ऐसा देव तुल्य नेतृत्व मिला है। कार्यक्रम का संचालन विनोद माहौर ने किया और अंत मे आभार प्रगट प्रमोद कामत ने किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से बरिष्ठ नेता बृजकिशोर भटेले, चन्द्रशेखर शर्मा, महामन्त्री आशीष शर्मा, दशरथ घुरैया, अर्चना शर्मा, सुमन गुप्ता, रामप्रसाद कुशवाह, विधाराम शेजवार, राजेन्द्र गुप्ता, राजेश नागर, सौरभ पांडेय, संजय झा, भीकम कौशल, कौशल भटेले, दिनेश श्रीवास, राधेश्याम गौड़ अजय यादव, रिंकू भटेले, प्रताप कुशवाह, धीरेंद्र श्रीवास्तव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे

किसानों का पैसा खा कर भागा व्यापारी

अनिल कुशवाह ब्यूरो

शिवपुरी- खबर शिवपुरी के पोहरी थाना क्षेत्र से आ रही है जहां यूपी में उत्तर प्रदेश से आये व्यापारी किसानों का किसानों की फसल टमाटर खरीदने आया था टमाटर की फसल खरीदने के बाद किसानों को उनकी फसल के पैसे नही दिए गए और बिना पैसे दिए फरार हो गए प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है यूपी उत्तर प्रदेश से आई व्यापारी फरहान खान पुत्र रेहान खान निवासी ककराला जिला बदायूं उत्तर प्रदेश नबी अहमद साजिद अली और उनका पार्टनर रिंकू वर्मा जो अपने आपको ट्रांसपोर्टर बताता था तथा राजन काठमांडू, श्याम गुप्ता आदि लोगों द्वारा टमाटर की फसल खरीदी गई और इसको मंडी में बेचने के बाद भी किसानों को उनके फसलों का पैसा नहीं दिया गया और बिना पैसे दिए बिना बताए चले गए मिली जानकारी के अनुसार व्यपारी फरहान खान शिबपुरी मैं होटल संस्कार मैं रुका हुआ था और उसके साथ के व्यपारी भी उसी के साथ होटल मैं ही रह कर अपने व्यपार को संचालित कर थे थे उनका पाटनर रिंकू वर्मा किसानों से संपर्क करता था किसानों के अनुसार व्यापारियों ने पांच गाड़ी फसल का पेमेंट रोक लिया जिसको व्यापारी बिना दिए ही चले गए थे जिस पर किसानों ने व्यापारी से संपर्क करने की कोशिश की लेकिन व्यापारी से संपर्क नहीं हो पाया। किसानों ने व्यपारी की तीन गाड़ियां अपने ही गांव में रोक ली गई और व्यापारी बोला हमारा पेमेंट कर दीजिए और अपनी गाड़ियां ले जाइए लेकिन व्यापारी ने पेमेंट ना करते हुए किसानों की झूठी शिकायत कर दी इस पर किसान आक्रोश में आकर गए और आज एसपी ऑफिस में आकर व्यापारी के खिलाफ ज्ञापन देकर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।

वन-टू-वन

सफाई कर्मचारी हड़ताल पर शहर में गंदगी के लगे ढेर प्रशासन मौन

अनिल कुशवाह ब्यूरो

शिवपुरी--- नगर पालिका क्षेत्र शिवपुरी में सफाई कर्मचारियों की काम बंद हड़ताल पांचवे दिन भी जारी रही सफाई कर्मचारी महंगाई भत्ता इंक्रीमेंट एवं 4 साल से अनुकंपा नियुक्ति पेंडिंग पड़ी हुई है उन पर समाधान चाहते हैं लेकिन नगर पालिका प्रशासन अभी तक उनकी समस्याओं को लेकर गंभीर नहीं हैं आज गुस्साए कर्मचारियों द्वारा नगर पालिका दफ्तर मैं ताले डाल दिए गए जिससे आम जनता को राशन कार्ड जन्म प्रमाण पत्र मृत्यु प्रमाण पत्र समग्र आईडी नामांतरण सहित अन्य कामों के लिए नगरपालिका के चक्कर लगा रहे हैं लेकिन नगरपालिका में कोई काम नहीं हो पा रहा है जिससे जनता में भी आक्रोश है कर्मचारियों की हड़ताल के कारण शहर में गंदगी के ढेर लग चुके हैं आमजन परेशान हैं इन गंदगी के ढेरों से शहर में मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है जिससे गंभीर बीमारी फैल सकती हैं लेकिन अभी तक प्रशासन ने कर्मचारियों से समाधान की कोई बात नहीं की है जिससे हड़ताल और लंबी खींचने के आसार बने हुए हैं हड़ताल के कारण शहर गंदगी में तब्दील हो चुका है

लेफ्टिनेंट प्रथम चौधरी का आईजी विद्यापीठ परिवार द्वारा किया बहुमान

पुष्पाजंली टुडे

मध्यप्रदेश =लेफ्टिनेंट प्रथम चौधरी का आज आईजी विद्यापीठ राजगढ़ मे आगमन हुआ, इस अवसर पर ट्रस्ट द्वारा समाज के गौरव श्री प्रथम चौधरी का राजगढ़ क्षेत्र की प्रतिभा को आईजी विद्यापीठ परिवार द्वारा बहूमान कर सम्मानित किया गया। समाज को गोरवान्वित करने वाले लेफ्टीनेंट श्री प्रथम सीरवी का हरिद्वार, उज्जैन मे भी कल चोथाला पंचो द्वारा भव्य स्वागत किया गया ।आज राजगढ़ क्षेत्र के आस पास के सभी गांवो से पधारे समाज बंधुओ ने लेफ्टिनेंट प्रथम चौधरी का जोरदार स्वागत किया गया।

पंचायत निर्वाचन में करें समुचित सुरक्षा व्यवस्था : राज्य निर्वाचन आयुक्त

पंकज त्रिपाठी स्टेट हेड
दैनिक पुष्पांजली टुडे

भोपाल । पंचायत निर्वाचन 2021-22 में हर स्तर पर सुरक्षा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। गत निर्वाचनों में हुए अपराधों की समीक्षा करें और आदर्श आचरण संहिता का पालन कड़ाई से किया जाये। राज्य निर्वाचन आयुक्त बसंत प्रताप सिंह ने यह निर्देश पंचायत आम निर्वाचन के संबंध में कानून एवं व्यवस्था की समीक्षा के दौरान दिये। पुलिस महानिदेशक विवेक जौहरी, अपर मुख्य सचिव गृह डॉ. राजेश राजौरा, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आदर्श कटियार और अन्य अधिकारी उपस्थित थे। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि 3 वर्ष से अधिक समय से एक ही स्थान पर पदस्थ अधिकारियों का स्थानांतरण जल्द करें। सीमा क्षेत्रों एवं अंतर्राज्यीय बार्डर चेकपोस्ट पर चेकिंग बढ़ा दें। संवेदनशील एवं अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर पर्याप्त पुलिस बल लगाया जाये। अवैध शराब एवं अवैध हथियारों के संबंध में प्रभावी कार्यवाही की जाये। श्री सिंह ने कहा कि पेंडिंग वारंट एवं चालान की तामीली सुनिश्चित कर लें। श्री सिंह ने कहा कि नाम निर्देशन-पत्रों के जमा करने और संवीक्षा, चुनाव प्रचार, मतदान दिवस और मतगणना के दौरान पर्याप्त फोर्स की व्यवस्था करें, जिससे सभी प्रक्रियाएँ निर्बाध रूप से पूरी हो सकें।

हर स्तर पर हो कोविड अनुकूल व्यवहार का पालनः राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री सिंह ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया के हर स्तर पर कोविड अनुकूल व्यवहार का पालन होना चाहिये। ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मी मास्क जरूर लगायें और दूसरे लोगों को भी मास्क लगाने के लिये प्रेरित करें। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग बी.एस. जामोद ने पंचायत निर्वाचन तैयारियों के संबंध में प्रेजेंटेशन दिया।

कार्यालय नगर परिषद मेहगांव जिला भिंड मध्य प्रदेश सूचना

दैनिक पुष्पांजली टुडे बृजपाल सिंह गुर्जर 1

मेहगांव नगर परिषद द्वारा दिनांक 13/12/2021 से वार्ड वाइज कैंम्प लगाकर आपकी सरकार आपके साथ कार्यक्रम नगर के बार्डो मैं दोपहर 12=00 से 3=00 तक कैंम्प लगाकर आयोजित किया जा रहा है इसके अंतर्गत बार्डो में घर घर भी संपर्क किया जावेगा शासन की महत्वपूर्ण जनहितकारी योजनाओं की जानकारी देने व उससे लाभान्वित करने हेतु नगर की स्वच्छता संबंधी कार्यक्रम गतिविधियों की जानकारी देने एवं सहभागिता हेतु बकाया कर फीस मौके पर ही वसूली सुविधा हेतु जनसमस्याओं से अवगत होने एवं उसके निराकरण हेतु मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर परिषद मेहगांव जिला भिंड।

विस्तारक योजना में कार्यकर्ता गांव गांव घर घर जाकर सरकार की योजनाओं को बतायें : राजोरिया

महेन्द्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग, पुष्पांजली टुडे

मौं मंडल। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन के आव्हान पर मौं मण्डल की कामकाजी बैठक का आयोजन प्रकाश पव्लिक स्कूल बार्ड क्रमाक 13 द्वारिका पुरी मैं किया गया। बैठक में बतौर मार्गदर्शन हेतु मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के प्रदेश कार्य सिमित सदस्य एंव भिण्डहके प्रभारी जय प्रकाश राजोंरिया जी बिशेष अतिथि के रूप में पूर्व मंडल अध्यक्ष रघुबीर सिंह पवैया पूर्व मंण्डी अध्यक्ष सज्जन सिंह यादव पूर्व मण्डल अध्यक्ष हरनारायण कुशबाह एवं अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशबाह ने की ।बैठक के प्रारंभ में अतिथियों ने पार्टी के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी एबम भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया इसके बाद मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशबाह ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया एवं बैठक की प्रस्तावना प्रस्तुत की इस अवसर पर मुख्य अतिथि जय प्रकाश राजोरिया ने कहा बड़ी खुशी की बात है कि हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं एबम पार्टी के आधार स्तंभ रहे कुशाभाऊ ठाकरे का जन्म शताब्दी वर्ष मना रहे हैं इसलिए पार्टी द्वारा आगामी दिनों में कुछ कार्यक्रम बनाए गये हैं जिसमें मुख्य रुप से 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल जी के जन्मदिन को कार्यकर्ता सुशासन दिवस के रूप में मनाएंगे एवं जनवरी में विस्तारक योजना के तहत कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर केंद्र की मोदी सरकार एवं प्रदेश की शिवराज सिंह चौहान सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को आमजन को समझाएंगे हमारा बड़ा सौभाग्य कि हमें ऐसा प्रेरणादाई नेतृत्व मिला है जिसने गांव गरीब किसान मजदूर युवा या कहे समाज के हर वर्ग की चिंता की है एवं उसके कल्याण के लिए तमाम कल्याणकारी योजनाएं बनाई हैं हम सब कार्यकर्ताओं को उन योजनाओं को जन-जन तक लेकर जाना है यही पार्टी का मुख्य लक्ष्य है बैठक का संचालन मंडल महामंत्री राजू मिश्रा एवं अंत में आभार प्रकट रामख्तयार गुर्जर ने किया बैठक में मुख्य रूप हरनारायण कुशबाह श्याम नाथ बाबा डां जय सिंह कुशबाह बिस्मबर शर्मा कोक सिंह कुशबाह बबली यादव रघुराज गुर्जर रामू कुशबाह सनतकुमार चोहान रघुराज गुर्जर बेताल कुशबाह सुभम राठौंर शतीष परिहार सुरेश छारी लल्लूराम कुशबाह पहलाद यादव एंव पार्टी के वरिष्ठ नेता, पदा अधिकारी एवं युवा कार्यकर्ता गढ़ उपस्थित रहे।

आखिरकार कब होगा रुपावास के राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन

राजस्थान में बदलती सरकारों के बीच फसा पीएचसी सेंटर

पुष्पांजलि टुडे संवाददाता पाली

पाली। निकटवर्ती रुपावास जिला मुख्यालय से लगभग 12 किलोमीटर दूरी पर स्थित रुपावास डरी के मुख्य रोड पर 4 वर्ष पहले सरकार ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण तो करवा दिया ।लेकिन उद्घाटन नहीं होने से यह भवन सुविधाएं नहीं दे पा रहा हैं। ।इससे ग्रामीणों को चिकित्सा सुविधा के लिए पाली अथवा जोधपुर की ओर रुख करना पड़ता है। कोराना जैसी खतरनाक महामारी के चलते भी सरकार ने पीएससी सेंटर की ओर नहीं देखा। पुराना महामारी के चलते केंद्र सरकार राज्य सरकार ने आपातकालीन स्थिति के लिए अलग-अलग स्थानों पर अनियमित चिकित्सालय बनवाएं। लेकिन राजस्थान में बदलती सरकारों के बीच पीएससी सेंटर का उद्घाटन नहीं हुआ। जो कोराना की विकट महामारी में रुपावास का राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लोगों के लिए वरदान साबित होता था।लेकिन राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन नहीं होने से किसी भी प्रकार की कोई चिकित्सा सुविधा नहीं मिल रही हैं। रुपावास गांव में चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने के लिए पूर्ववर्ती तत्कालीन सरकार में उप मुख्य सचेतक रहे मदन राठौड़ व पूर्व प्रधान श्रवण बंजारा ने अप्रैल 2017 में एक करोड़ 85 लाख रुपए की राशि स्वीकृत करवा कर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कार्य शुरू करवाया था। इस स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कार्य नवंबर 2018 में पूर्ण हो गया। लेकिन चार साल बाद भी चिकित्सा विभाग इसे शुरू नहीं कर पाया है ऐसे में ग्रामीणों को आपातकालीन स्थिति में इलाज व जांच के लिए शहर की तरफ भागना पड़ता है।

यहां तक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन को बने 4 साल होने को आए हैं। लेकिन यहां तो अभी तक भवन का उद्घाटन नहीं किया जा सका और ना ही यहां उप स्वास्थ्य केंद्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में क्रमोन्नत करने में कोई आदेश मिले हैं ।सभी सुविधाओं से युक्त इस भवन का रंग रोगन भी खराब हो रहा है। और धीरे-धीरे चिकित्सा भवन अंग्रेजी बबूल जैसी कटीली झाड़ियों से लिप्त होने जा रहा है। ग्रामीणों को डर है कि कहीं यह भवन उद्घाटन के इंतजार में जन जन नहीं हो जाए।। सरपंच बंजारा ने कई बार संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उद्घाटन के लिए अवगत करवा चुके हैं। सरपंच सुरेश बंजारा ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शुरू होने से आसपास के ग्रामीण जनों को मिलने वाली चिकित्सा सुविधा वरदान साबित होगी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उद्घाटन के लिए ग्राम पंचायत की ओर से बार-बार प्रयास किया जा रहा है।



प्रदेश में 19 नए केस, 13 दिन बाद सबसे ज्यादा भोपाल में 9 मरीज

भोपाल। मध्यप्रदेश में 24 घंटे में कोरोना के 19 नए मरीज मिले हैं। 13 दिन बाद फिर भोपाल में सबसे ज्यादा 9 पॉजिटिव आए हैं। इंदौर में 7 मरीज मिले हैं। इनमें एक 5 साल की बच्ची भी है। बैतूल में 2, जबलपुर में 1 मरीज मिला है। द्धस् पी नरहरि पॉजिटिव पाए गए हैं। उन्होंने खुद ट्वीट कर जानकारी दी। प्रदेश में एक्टिव मरीजों की संख्या ब?कर 161 पहुंच गई है। प्रदेश में 25 दिन में 391 संक्रमित मिल चुके हैं। सबसे ज्यादा भोपाल में 171 और इंदौर में 137 मरीज मिले हैं। भोपाल में अभी 73 एक्टिव केस हैं। इनमें 44 होम आइसोलेशन में और 29 अस्पताल में भर्ती हैं। इंदौर में 55 एक्टिव केस हैं। यहां 12 दिन में 5 से 16 साल के 11 बच्चे भी संक्रमित मिल चुके हैं, जिनमें से 6 अभी एडमिट हैं।नए मरीजों के साथ प्रदेश में अब तक मिले कोरोना संक्रमितों की संख्या 7 लाख 93 हजार 369 हो गई है। इनमें से 7 लाख 82 हजार 679 लोग ठीक हो चुके हैं। कोरोना के कारण 10 हजार 529 की जान जा चुकी है। रविवार को 19 मरीज ठीक हुए। वहीं, करीब 50 हजार लोगों की कोरोना जांच की गई। रिकवरी रेट 98त्न से अधिक है। इंदौर में ब? रही एक्टिव मरीजों की संख्या इंदौर में एक्टिव मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। वजह यह है कि जितने लोग ठीक हो रहे हैं, उससे ज्यादा मरीज मिल रहे हैं। रविवार को 6 लोगों को ठीक होने पर डिस्चार्ज किया गया। लेकिन, इसी दिन 7 नए केस आ गए। एक्टिव मरीजों की संख्या यहां 55 है। नाइजीरिया से लौटे 8 और 14 साल के भाई-बहन अलग वार्ड में आइसोलेट हैं। बच्चों की मां के तीसरी बार लिए गए सैम्पल की भी रिपोर्ट निगेटिव आई है।

स्वच्छता को बनाएँ जन आंदोलनः केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया

हैरीटेज एवं संगीत थीम पर टूरिस्ट प्लान शीघ्र करें प्रारंभ

शहर विकास के विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से समीक्षा कर दिए दिशा-निर्देश

ग्वालियर। ग्वालियर में स्वच्छता को बनाना होगा एक जन आंदोलन। इंदौर की तर्ज पर ग्वालियर में भी स्वच्छता का कार्य हो, इसके लिये इंदौर मॉडल का अधिकारी अवलोकन करे और उसको जमीनी स्तर पर उतारने का कार्य करें। स्वच्छता के कार्य में समाज के सभी वर्गों का सहयोग लेकर ग्वालियर को स्वचछ और सुंदर बनाने की मुहिम युद्ध स्तर पर चलाई जाए। केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ग्वालियर विकास की समीक्षा के दौरान यह बात कही।

सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने ग्वालियर विकास के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिले के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश के जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह, लोक निर्माण विभाग के राज्य मंत्री श्री सुरेश धाकड़, जिला पंचायत प्रशासकीय समिति की अध्यक्ष श्रीमती मनीष यादव, भाजपा के जिला ग्रामीण अध्यक्ष श्री कौशल शर्मा, पूर्व मंत्री श्रीमती इमरती देवी, पूर्व विधायक सर्वश्री मुन्नालाल गोयल, मदन कुशवाह, रामबरन सिंह गुर्जर, रमेश अग्रवाल, चेम्बर ऑफ कॉमर्स के मानसेवी सचिव श्री प्रवीण अग्रवाल एवं ग्रामीण भाजपा के पूर्व अध्यक्ष श्री वीरेन्द्र जैन उपस्थित थे।

प्रशासनिक अधिकारियों में संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना, कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी, नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल, सीईओ जिला पंचायत श्री आशीष तिवारी, सीईओ स्मार्ट सिटी श्रीमती जयति सिंह, डीन मेडीकल कॉलेज डॉ. समीर गुप्ता सहित विभागीय अधिकारी बैठक में शामिल थे।

केन्द्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि स्वच्छता में अगर इंदौर लगातार नंबर 1 आ रहा है तो ग्वालियर को भी प्रथम पंक्ति में लाने के लिये हमें पुरजोर प्रयास करने की आवश्यकता है। इंदौर में स्वच्छता के लिये किए जा रहे कार्यों का अनुशरण करते हुए हमें ग्वालियर में भी वही कार्य करना होगा। स्वच्छता के कार्य में समाज के सभी वर्गों का सहयोग लेते हुए जनप्रतिनिधियों को भी जवाबदेही स्वीकार करनी होगी। उन्होंने कहा कि शहर के सभी 66 वार्डों में जनप्रतिनिधियों को भी स्वच्छता की जिम्मेदारी सौंपी जाए। इस कार्य में सभी दलों के लोगों का सहयोग भी लिया जाए। प्रत्येक वार्ड को चार भागों में बांटकर चार जनप्रतिनिधियों को जवाबदारी सौंपें। इसके साथ ही प्रत्येक वार्ड में 10 लोगों की टोली भी स्वच्छता के कार्य के लिये बनाई जाए। जनप्रतिनिधि अपनी टोली के साथ वार्ड में जाकर स्वच्छता के कार्य को और बेहतर करने की दिशा में कार्य करे और जन जागृति का कार्य भी किया जाए।

समाज के सभी वर्गों को जोड़कर स्वच्छता का संकल्प दिलाया जाए

केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कहा कि ग्वालियर में समाज के सभी वर्गों को जोड़कर स्वच्छता के लिए एक बड़ा आयोजन किया जाए और उसमें सभी लोगों को स्वच्छता का संकल्प दिलाया जाए। इस कार्यक्रम मंग सामाजिक संगठनों के लोग, जनप्रतिनिधि, धर्मगुरू, खेल, साहित्य के साथ ही समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

ऐतिहासिक विरासत और संगीत की थीम पर टूरिस्ट प्लान बनाकर कार्य प्रारंभ करें

केन्द्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पर्यटन विकास और टूरिज्म प्लान के संबंध में समीक्षा करते हुए कहा कि ग्वालियर में स्मार्ट सिटी और जिला प्रशासन मिलकर सर्वप्रथम ऐतिहासिक विरासतों और संगीत की थीम पर टूरिस्ट प्लान तैयार करें। बाहर से आने वाले पर्यटकों को इन दोनों थीम पर भ्रमण कराया जाए। आने वाले पर्यटकों को हर प्रकार की सुविधायें मुहैया हों, यह भी सुनिश्चित किया जाए। श्री सिंधिया ने कहा कि 15 जनवरी तक दोनों टूरिस्ट प्लान पर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं। श्री सिंधिया ने कहा कि 15 जनवरी को मैं स्वयं और जनप्रतिनिधि दोनों टूरिस्ट प्लान का भ्रमण करेंगे। इसके लिये जो निर्धारित शुल्क होगा वह भी अदा करेंगे। भ्रमण के दौरान हमें पर्यटकों को जो सुविधायें उपलब्ध कराई जाना है उसका उदाहरण भी प्रस्तुत किया जाए। इसके लिये प्रशासन पूरी तैयारियां समय रहते कर ले। प्रथम चरण में ऐतिहासिक विरासत और संगीत की थीम पर प्लान तैयार किया जाए, उसके पश्चात अन्य थीमों पर भी प्लान बनाने का कार्य किया जाए।

कोविड-19 की संभावित तीसरी लहर की सभी तैयारियां करें

केन्द्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कोविड-19 की संभावित तीसरी लहर को देखते हुए जिले में की जा रही तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी तैयारियां युद्ध स्तर पर पूर्ण की जाएं। ऑक्सीजन प्लांट, पलंगों की व्यवस्था के साथ ही दवा एवं अन्य जो भी व्यवस्थायें हैं वह समय रहते पूर्ण की जाएं। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने बैठक में बताया कि कोविड-19 की संभावित तीसरी लहर से बचने के लिये जिले में सभी तैयारियां की जा रही हैं। निजी चिकित्सालयों, नर्सिंग कॉलेज के साथ-साथ शासकीय अस्पतालों में भी पलंगों की व्यवस्था पर्याप्त संख्या में की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि जिले में 45 नर्सिंग कॉलेजों की मान्यता भी समाप्त की गई है। जिले में कोविड-19 की तीसरी लहर की संभावनाओं को देखते हुए चिकित्सकों, पैरामेडीकल स्टाफ की कमी को पूरा करने के लिये प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। इसकी स्वीकृति मिलने से जिले में सभी व्यवस्थायें ओर बेहतर हो सकेंगीं।

संक्षिप्त समाचार

जनसंपर्क परिवार ग्वालियर द्वारा श्री दांगी के निधन पर शोक व्यक्त

ग्वालियर। संभागीय जनसंपर्क कार्यालय ग्वालियर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने गुना के जनसंपर्क अधिकारी श्री के पी एस दांगी के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। अपर संचालक जनसंपर्क श्री जी एस मौर्य ने अपनी शोक संवेदनाएँ व्यक्त करते हुए कहा कि एक कुशल और लगनशील अधिकारी को हमने खो दिया है। सहायक संचालक श्री मधु सोलापुरकर एवं सहायक सूचना अधिकारी श्री हितेन्द्र सिंह भदौरिया ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि स्व. दांगी ने पूरी निष्ठा के साथ विभाग की छवि बनाने में अपना योगदान दिया। जनसंपर्क परिवार ग्वालियर के सभी कर्मचारियों ने श्री दांगी के निधन पर शोक जताया और दिवंगत आत्मा की शांति व शोकाकुल परिवार को इस घोर दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। सहायक जनसम्पर्क अधिकारी श्री के.पी. दांगी की आज सुबह राजगढ़ जिले के ब्यावरा के पास सड़क दुर्घटना में निधन हो जाने पर जनसम्पर्क संचालनालय में शोक सभा आयोजित की गई। उन्होंने जनसम्पर्क विभाग में अपनी सेवाएँ वर्ष 1992 में सहायक सूचना अधिकारी के रूप में शुरू की थी। वर्तमान में वे जिला जनसम्पर्क कार्यालय गुना में सहायक जनसम्पर्क अधिकारी के रूप में पदस्थ थे। लगभग 30 वर्ष की शासकीय सेवा में उन्होंने एक सफल जनसम्पर्क अधिकारी के रूप में स्वयं की और विभाग की छवि बनायी।

शासकीय एवं अर्द्धशासकीय विभागों के कार्यालयों में हीटर के उपयोग पर प्रतिबंध

ग्वालियर। जिले में विद्युत खपत में कम से कम 10 प्रतिशत की कमी लाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने जिले के सभी शासकीय एवं अर्द्धशासकीय विभागों के जिले से लेकर विकासखण्ड स्तर तक के शासकीय एवं अर्द्धशासकीय विभागों के कार्यालयों में रूम हीटर का उपयोग करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। जिले में विद्युत खपत में कमी लाने और ऊर्जा का बेहतर उपयोग करने के उद्देश्य से जिले के चिन्हित कार्यालयों में ऊर्जा का ऑडिट भी कराया जा रहा है। साथ ही विभागों से सुझाव भी मांगे गए हैं।

जिला चिकित्सालय एवं सिविल हॉस्पिटल में स्टाफ और दवाओं की कमी नहीं रहेगी : प्रभारी मंत्री

प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने जरूरतों का कराया आंकलन और स्वास्थ्य मंत्री को लिखा पत्र

ग्वालियर। कोविड की संभावित तीसरी लहर से निपटने के लिये जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में कोरोना मरीज के इलाज के लिये पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। इस सिलसिले में जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने जिला चिकितसालय मुरार, सिविल हॉस्पिटल हजीरा एवं हजार बिस्तर के निर्माणाधीन अस्पताल के निरीक्षण के बाद इन अस्पतालों की आवश्यकताओं का बारीकी से आंकलन कराया है। साथ ही मानव संसाधन की पूर्ति एवं जीवन रक्षक उपकरणों की तत्काल आपूर्ति करने के लिये प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी को अर्द्धशासकीय पत्र लिखा है, साथ ही उनसे चर्चा भी की है। प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने बताया कि जिला चिकित्सालय मुरार, सिविल हॉस्पिटल हजीरा एवं हजार बिस्तर के अस्पताल के सी-ब्लॉक में कोरोना मरीजों के इलाज के लिये एहतियात बतौर बैड की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित कराई गई है।

स्वच्छता हर दिन का कार्य : ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर 30 दिन लगातार आधा घंटे स्वच्छता के लिए करेंगे श्रमदान

ग्वालियर। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने 30 दिन तक हर दिन आधा घंटे स्वच्छता के लिए श्रमदान करने का संकल्प लिया है। इसी क?ी में उन्होंने सोमवार को कांचमिल स्थित नवीन पार्क में स्वच्छता अभियान चलाया। श्री तोमर ने आमजन से कहा कि स्वच्छता एक दिन का नहीं बल्कि हर दिन का कार्य है। हम सभी को प्रतिदिन स्वच्छता के प्रति जागरुक रहकर अपने शहर की हर गली, प्रत्येक मोहल्ला व सडक को साफ व स्वच्छ बनाना है, जिससे शहर में आने वाले लोगों में हमारे शहर की अच्छी छवि बने। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि मैने प्रण किया है कि 30 दिन तक लगातार 30 मिनट स्वच्छता के लिए आमजन को जागरूक करूंगा व सफाई अभियान चलाऊँगा। उन्होंने कहा कि अपने नौनिहालों को अच्छे वातावरण में खेलने को मिले। इसके लिए सभी को मिलकर शहर को साफ व स्वच्छ रखना है। साथ ही हमें सफाई कर्मचारियों का मनोबल ब?ाना है, जिससे उन्हें प्रोत्साहन मिले और वे शहर को साफ व स्वच्छ रखने में अपना योगदान दें। साथ ही कहा कि यह शहर हमारा है तथा इसे अच्छा बनाने की जिम्मेदारी भी हम सभी लोगों की ही है। इसलिए हमे यह संकल्प लोगों को दिलाना है कि जिस प्रकार हम अपना घर साफ व स्वच्छ रखते हैं, उसी प्रकार से हमें अपना शहर बनाना है।

डॉ.रावण वर्मा को अजाक्स के प्रांतीय सम्मेलन भोपाल में किया सम्मानित

मध्य प्रदेश अजाक्स में 8 बर्ष तक प्रांतीय सचिव रहे पूर्व अभियोजन अधिकारी डॉ.रावण वर्मा (प्रदेश अध्यक्ष) पिछड़ा-शोषित समाज स्वयं सेवक संघ (पी.एस-5) द्वारा प्रदेश में सामाजिक - राजनीतिक बदलाव हेतु, बहुजन महापुरूषों की विचारधारा के साथ पिछड़े एवं शोषित (SC.ST.OBC & Min) समाज के बीच भाईचारा बनाकर, समतामूलक समाज निर्माण हेतु अपनी शासकीय सेवा, अभियोजन अधिकारी के पद से त्याग पत्र दिया है।

डॉ.वर्मा बोलते समय भावुक हो गए और कहा कि अजाक्स से मेरा संबंध जीवन की आखरी सांस तक रहेगा आप लोगों का प्यार ही मेरी जीवन वायु है । तो सम्मेलन में उपस्थित सभी की आँखों में स्नेही आंसु छलक आये। सभी ने डॉ. वर्मा के त्याग समर्पण साहस और संकल्प की सराहना कर संबल बढ़ाते हुए निरंतर सहयोग एवं मार्गदर्शन करने का भरोसा दिया।

12 दिसम्बर 2021 को रविन्द्र भवन भोपाल के इस सम्मेलन को पदोन्नति, बैकलॉग, आउट सोर्सिंग, निजीकरण आदि विषयों पर मुख्य अथिति श्री जे.एन. कंसोटिया साहब, प्रांतीय अध्यक्ष अजाक्स (IAS- अपर मुख्य सचिव) मध्य प्रदेश शासन , विशेष अथितिगण प्रांतीय महाससचिव श्री एस.एल. सूर्यवंशी, श्री गौतम पाटिल, श्री ए.आर.सिंह, प्रांतीय कोषाध्यक्ष श्री मथुरा प्रसाद, प्रांतीय प्रवक्ता श्री विजय शंकर श्रवण, मंत्रालय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष श्री घनशयाम भकोरिया, प्रांतीय सचिव श्री महेश विरोलिया, श्री रमेश चंद्र चंगेसिया, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष श्रीमती निर्मला पाटिल ने संबोधित किया । कार्यक्रम का संचालन श्री देवेंद्र सिंह राजौरिया (संभागीय अध्यक्ष ग्वालियर) ने किया। अजाक्स सम्मेलन में प्रदेश के तहसील, ब्लॉक, जिला, संभाग एवं प्रांतीय पदाधिकारियों ने भाग लिया।

ग्वालियर की फूड टेस्टिंग लैब का निर्माण हर हाल में तीन माह में पूरा करें : श्री सिलावट

प्रभारी मंत्री ने किया निर्माणाधीन फूड टेस्टिंग लैब का निरीक्षण

कहा खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिये प्रदेश सरकार कटिबद्ध

ग्वालियर। खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने और मिलावटखोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए प्रदेश सरकार कटिबद्ध है। इसी उद्देश्य से प्रदेश के महानगरों में अत्याधुनिक फूड टेस्टिंग लैब बनवाई जा रही हैं। संबंधित कार्य एजेन्सी लैब निर्माण का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराएँ, इसमें किसी भी प्रकार की ढ़िलाई बर्दाश्त नहीं होगी। इस आशय के निर्देश जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने दिए। श्री सिलावट ग्वालियर में आरटीओ कार्यालय के समीप निर्माणाधीन फूड टेस्टिंग लैब का निरीक्षण करने पहुँचे थे। उन्होंने लैब निर्माण की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई और अगले तीन माह के भीतर हर हाल में इस लैब का काम पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। सोमवार को ग्वालियर की निर्माणाधीन फूड टेस्टिंग लैब के निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने मोबाइल फोन से मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल के आयुक्त श्री भरत यादव तथा अन्य संबंधित अधिकारियों से लैब का काम जल्द से जल्द पूर्ण करने के संबंध में चर्चा की। साथ ही लैब के निरीक्षण के बाद मुरार सर्किट हाउस में गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल के उपायुक्त को बुलाकर साफ तौर पर ताकीद किया कि लैब की प्रगति पर प्रतिदिन की नजर रखें, जिससे इसका काम जल्द से जल्द पूर्ण हो सके। उन्होंने लैब के पहुँचमार्ग पर सीमेंट कंक्रीट युक्त सड़क का निर्माण कराने की हिदायत भी उपायुक्त गृह निर्माण मण्डल को दी। प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने जोर देकर कहा कि खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478